चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 80, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 14 अप्रैल 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# गुजरात: तीन मौलवियों ने रची थी दंगे की साजिश

## रामनवमी के जुलूस पर पथराव की साजिश; बाहर से बुलाए गए थे दंगाई







**खंभात:** 10 अप्रैल को रामनवमी के मौके पर गुजरात के तीन जिलों हिम्मतनगर, खंभात और द्वारका में दो समुदाय के बीच दंगे हुए थे। खंभात में हुई हिंसा में तीन स्थानीय मौलवियों के नाम सामने आए है। खंभात पुलिस के मुताबिक दंगे की साजिश खंभात के ही तीन मौलवियों और दो अन्य लोगों ने रची थी। पुलिस ने तीनों मौलवियों सहित अब तक 9 लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं, अन्य लोगों की तलाश जारी है।

**बाहर से बुलाए गए दंगाइयों ने इकट्ठे किए थे पत्थर:** पुलिस के अनुसार दंगे की साजिश को अंजाम देने के लिए मौलवियों ने खंभात के बाहर से लोगों को बुलाया था, जिससे कि उनकी पहचान न हो सके। वहीं, जुलूस के एक दिन पहले ही खेतों के पास पत्थर जमा किए गए थे। जुलूस पर पत्थर कहां से फेंकना है, यह भी पहले से ही तय था।

**क्या हुआ था रविवार को?**

रामनवमी के मौके पर खंभात शहर के शंकरपुरा क्षेत्र के रामजी मंदिर से रविवार शाम चार बजे डीजे के साथ जुलूस निकाला गया था। जुलूस में तीन हजार से अधिक श्रद्धालु जमा थे। जुलूस तीन द्वारों चितरी बाजार, पीठ बाजार, मंडई चौकी क्षेत्र से होकर गुजरना था। हालांकि शंकरपुरा क्षेत्र से निकलने के बाद जुलूस कुछ ही दूर पहुंचा था कि तभी बबूल के खेतों से कुछ दंगाइयों ने अचानक जुलूस पर पथराव शुरू कर दिया था। इसके बाद जुलूस में शामिल लोगों में भगदड़ मच गई। इसके बाद दोनों ओर से पथराव शुरू हो गया था।

**ठेलों और दुकानों में भी लगाई आग:** इसके बाद कुछ दंगाइयों ने शहर के छगडोल मैदान और सरदार टावर पर पहुंचकर तोड़फोड़ व आगजनी शुरू कर दी थी। कई लॉरियों और दुकानों को भी आग के हवाले कर दिया गया था। इसी तरह राजपूत वाडा के पास एक घर में भी आग लगा दी थी। घटना के बाद पुलिस काफिला मौके पर पहुंचा और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और हल्का बल-प्रयोग भी किया। इसमें करीब 15 पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। वहीं, एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

**करौली भेजा गया भारी पुलिस बल**

वहीं न्याय यात्रा को लेकर तीन आईपीएस, 16 आरपीएस अधिकारियों को करौली रवाना किया गया था। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात है। करौली के 50 भाजपा नेताओं को पाबंद किया गया है कि अगर कोई उपद्रव हुआ तो कार्रवाई होगी। करौली में शांति को बनाए रखने के लिया कर्फ्यू की अवधि भी घटा दी गई है। अब दस बजे ही कर्फ्यू लागू कर दिया जाएगा।

## करौली हिंसा को लेकर भाजपा का हल्लाबोल



**करौली:** करौली हिंसा को लेकर भाजयुमो और भाजपा नेताओं की न्याय यात्रा को करौली बॉर्डर पर रोक दिया गया। जिसके बाद कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई। हालात काबू करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया। उसके बाद भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या और प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया सहित 400 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर महुआ थाने ले जाया गया। गिरफ्तार भाजपा नेता सतीश पूनिया, तेजस्वी, सांसद मनोज, सांसद रंजीता कोली, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु शर्मा सहित सभी बड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं को दौसा बॉर्डर पर लाकर छोड़ दिया गया है। मौके पर पुलिस बल अभी भी तैनात है। जब तक सभी कार्यकर्ताओं की रवानगी नहीं होती, पुलिस मौके पर ही बनी रहेगी। पूनिया ने कहा कि हमने नामजद गिरफ्तारियां दी है। हमने गहलोत सरकार को नंगा कर दिया है, जो न्याय की जगह लाठियों पर बल देती है। 2023 में इसका जवाब मिलेगा।

**सूर्या ने कहा-पिक्चर अभी बाकी है:** वहीं तेजस्वी सूर्या ने कहा कि ये ट्रेलर है पिक्चर बाकी है। राजस्थान की हिंदू विरोधी सरकार को आज पूरे देश ने देखा है। लड़ाई लंबी है। युवा मोर्चा अपनी ऊर्जा बनाए रखें क्योंकि ये लड़ाई सरकार बदलने तक जारी रहेगी। बता दें कि यात्रा को रोकने से आक्रोशित सतीश पूनिया, सासंद रंजीता कोली, सांसद मनोज राजौरिया सड़क पर ही धरने पर बैठ गए थे। भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने गहलोत सरकार को चेतावनी दी थी कि उन्हें अगर जाने नहीं दिया गया तो यहीं पर उग्र आंदोलन किया जाएगा। सूर्या ने कहा कि हर कीमत पर करौली जाएंगे, नहीं तो सामूहिक रूप से गिरफ्तारियां देंगे। इस दौरान 'गहलोत हमसे डरता है' और 'जय श्री राम' की जमकर नारेबाजी हुई। भारी पुलिस बल मौके पर तैनात है। मौके पर तीन लेयर बैरिकेड्स लगाया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से समझाइश करने की कोशिश की लेकिन वे नहीं माने। पुलिस पक्ष का कहना है कि अगर सरकार इजाजत देती है, तभी जाने देंगे। तेजस्वी सूर्या ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हम जहां अभी हैं, वहां धारा 144 लागू नहीं है। करौली जाना हमारा संवैधानिक अधिकार है। यह तानाशाही सरकार हमारे अधिकारों को छीन रही है, इसलिए हम विरोध कर रहे हैं।'

**राज्यपाल ने डीजीपी को किया तलब:** इधर, राज्यपाल कलराज मिश्र ने करौली हिंसा को लेकर डीजीपी एमएल लाठर को तलब किया है। उन्होंने मामले की जांच पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि करौली हिंसा को लेकर प्रदेश में दो अप्रैल से सियासत गरमाई हुई है। भाजपा और कांग्रेस एक दूसरे पर तुष्टीकरण के आरोप लगाए हैं। तेजस्वी सूर्या बुधवार को करौली पहुंचे। उनका करौली हिंसा पीड़िता हिंदू परिवारों से मुलाकात करने का कार्यक्रम था। भाजपा के कई बड़े नेता इस न्याय यात्रा में शामिल हुए। जिनमें भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश माथुर और उपनेता प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ सहित कई नेता शामिल रहे। हालांकि, न्याय यात्रा को रोकने से बवाल हो गया है। युवा मोर्चा ने अपनी न्याय यात्रा को 'करौली चलो' का नारा दिया है। यह यात्रा बुधवार को 12 बजे भाजपा मुख्यालय से शुरू हुई, जो करौली तक जाएगी। भाजपा के न्याय यात्रा को देखते हुए करौली के सभी एंट्री मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं करौली में 14 अप्रैल तक कर्फ्यू बढ़ा दिया गया है।

## अवैध नर्सिंग कॉलेजों के खिलाफ जल्द होगी कार्रवाई

### सीएम ने दिया आदेश- ऑफिस में लागू होगा सिटीजन चार्टर, देरी से पहुंचने पर अधिकारियों और कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई



**लखनऊ:** सीएम योगी ने लखनऊ में कोविड प्रबंधन के लिए टीम-09 की बैठक की। इस बैठक में सीएम ने बेहद सख्त निर्देश दिया। सीएम ने कहा कि बिना मान्यता और नियम विरुद्ध चलने वाले नर्सिंग कॉलेजों की पहचान कर एफआईआर दर्ज हों। सीएम ने कहा कि आम जनता की शिकायत के निस्तारण के लिए हर दफ्तर में सिटीजन चार्टर लागू किया जाय।लापरवाह, लेटलतीफ अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई किया जाय।

**लेटलतीफ अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई:** सीएम योगी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को लेकर भी सख्त निर्देश दिए। पहले लंच टाइमिंग आधे घंटे करने के निर्देश का बाद आज सीएम ने शासकीय कार्यालयों में हर अधिकारी और कर्मचारी की समय से उपस्थिति होनी सुनिश्चित की जाए। सीएम ने कहा कि लेटलतीफी कतई स्वीकार नहीं की जाएगी। ऐसे अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इतना ही नही वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार औचक निरीक्षण किया जाये।

**अवैध नर्सिंग होम पर होगी कार्रवाई:** सीएम योगी ने कहा कि यूपी में चल रहे तमाम नियम के विरुद्ध चल रहे नर्सिंग कॉलेजों की जांच होगीम ऐसे नर्सिंग कॉलेजों के खिलाफ जांच कर इनके संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए। बिना मान्यता के कॉलेज संचालन युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान को 31 मार्च, 2026 तक विस्तार



**नई दिल्ली:** केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) की केंद्र प्रायोजित योजना को कुल वित्तीय परिव्यय 5,911 करोड़ रुपये के साथ चार साल बढ़ाने का फैसला किया है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में अभियान को 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2026 तक बढ़ाने को मंजूरी दी है। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि देश के सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में चलने वाले अभियान में 5911 करोड़ का खर्च आयेगा। इसमें केन्द्र 3700 करोड़ और राज्य 2211 करोड़ रुपये वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के बजट में 60 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

## न्यूयॉर्क में नौ दिन के भीतर सिखों पर दूसरा हमला

**नई दिल्ली:** अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क में नौ दिन के भीतर सिखों पर दूसरी बार हमला किया गया है। इसे लेकर भारतीय मूल के लोगों में आक्रोश है। हमले के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार न्यूयॉर्क के रिचमंड हिल में मॉर्निंग वॉक पर निकले 76 व 64 वर्षीय दो सिखों पर अचानक हमला कर दिया गया। बताया गया कि दो संदिग्ध लोग अचानक आए और सिखों पर डंडों से हमला कर दिया। उन्हें पीटने के बाद उनकी पगड़ी उतार दी।

## नवाब मलिक के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई



**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार राकांपा नेता नवाब मलिक की 8 प्रॉपर्टीज को जब्त कर लिया। सूत्रों के मुताबिक, यह ईडी की सबसे बड़ी कार्रवाई हो सकती है। इसमें प्रॉपर्टी की कीमत अरबों में आंकी जा रही है। उधर, 62 वर्षीय मलिक आज ही गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। नवाब मलिक के वकील कपिल सिब्बल ने पीएमएलए कानून का हवाला देते हुए पूरे मामले की जल्द सुनवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि पीएमएलए कानून 2005 में लागू हुआ।

जिन लेन-देन के लिए एऊ इस कानून के तहत कार्रवाई कर रही है, वह 2000 या उससे पहले के हैं।

## हरिद्वार धर्म संसद: उत्तराखंड सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने हरिद्वार में धर्म संसद में मुस्लिमों के खिलाफ भड़काऊ बयान के मामले में जांच की प्रगति को लेकर उत्तराखंड सरकार से स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश जारी किया। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को हिमाचल प्रदेश में प्रस्तावित धर्म संसद के खिलाफ दायर नई याचिका की प्रति हिमाचल प्रदेश सरकार को देने की अनुमति दी। कोर्ट ने याचिकाकताओं को इस प्रस्तावित धर्म संसद के खिलाफ स्थानीय कलेक्टर को प्रतिवेदन देने की छूट दी। कोर्ट ने 12 जनवरी को याचिकाकताओं को इस बात की अनुमति दी थी कि वे दूसरे स्थानों पर हुई ऐसी घटनाओं के खिलाफ स्थानीय प्रशासन को अपना प्रतिवेदन दें। यह याचिका पत्रकार कुर्बान अली और पटना हाईकोर्ट के पूर्व जज और वकील अंजना प्रकाश ने दायर की है। इसी तरह एक और याचिका देशभर में मुस्लिम विरोधी भड़काऊ भाषण के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जमीयत उलेमा-ए-हिंद और मौलाना महमूद मदनी ने दायर की है। याचिका में कहा गया है कि मुस्लिमों के खिलाफ भड़काऊ भाषणों की वजह से कई जाने गई हैं। भड़काऊ बयान देने वालों के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। याचिका में उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से यति नरसिंहानंद सरस्वती के बयान के खिलाफ किए गए प्रदर्शन में शामिल सौ से ज्यादा मुस्लिमों की गिरफ्तारी का जिक्र किया गया है। याचिका में हाल में हाल में हरिद्वार के धर्म संसद में किए गए भड़काऊ भाषणों के खिलाफ 76 वकीलों की ओर से चीफ जस्टिस को लिखे गए पत्र का भी जिक्र किया गया है।

## गरीबों के लिए खर्च करना मोदी सरकार के लिए बोझ नहीं: भाजपा



**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि गरीबों के लिए खर्च करना मोदी सरकार के लिए कभी बोझ नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 25 महीनों में 1,000 लाख मीट्रिक टन अनाज गरीबों तक पहुंचाया गया है। पीयूष गोयल और भाजपा प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीब कल्याण को केंद्र बिंदु में रखते हुए समय समय पर गरीब कल्याण अन्न योजना का विस्तार किया और देशवासियों एवं पूरे विश्व को अपने संवेदनशील नेतृत्व और चरित्र के बारे में दशार्या। उन्होंने कहा कि भारत ने पूरे विश्व को एक नई सोच का परिचय दिया है।


## "लाउडस्पीकर" पर जमकर हो रही सियासत




**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने चेतावनी दी है कि महाराष्ट्र की मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर तीन मई तक बंद हो जाने चाहिए, नहीं तो मनसे कार्यकर्ता लाउडस्पीकर लगाकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। ठाकरे के इस बयान के बाद देशभर में लाउडस्पीकर को लेकर फिर से बहस छिड़ गई है। लेकिन ये पहली बार नहीं है, जब मस्जिद के लाउडस्पीकर और उसके जरिए अजान के प्रसार को लेकर विवाद हुआ हो। इसके पहले भी देश में कई बार लाउडस्पीकर से अजान पर संग्राम हो चुका है। मामला कोर्ट भी पहुंचा था।

**राज ठाकरे ने क्या कहा? :** मनसे प्रमुख राज ठाकरे एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा, 'मस्जिदों में लाउडस्पीकर तीन मई तक बंद हो जाना चाहिए, नहीं तो हम लाउडस्पीकर लगाकर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। यह एक सामाजिक मुद्दा है, धार्मिक नहीं। मैं राज्य सरकार से कहना चाहता हूं, हम इस विषय पर पीछे नहीं हटेंगे, आपको जो करना है कीजिए।' उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुंबई के मुस्लिम इलाकों में मस्जिदों पर छापा मारने की भी अपील की और कहा कि वहां रहने वाले लोग पाकिस्तान समर्थक हैं। 17 अप्रैल 2017 का मामला है। मशहूर गायक सोनू निगम ने तड़के सुबह 5:25 मिनट पर एक के बाद एक चार ट्वीट किए। चंद घंटों में इसी ट्वीट ने पूरे देश में हंगामा खड़ा कर दिया। सोनू ने लिखा, 'भगवान सबका ख्याल रखे। मैं मुसलमान नहीं हूं, लेकिन मुझे अजान की आवाज से उठना पड़ता है। ये थोपी हुई धार्मिकता भारत में कब खत्म होगी? और वैसे जब मोहम्मद ने इस्लाम बनाया था तब बिजली थी ही नहीं। एडिसन के बाद मुझे ये कर्कश आवाज क्यों सुननी पड़ती है?

## महंगाई की मार: उबर के बाद ओला ने बढ़ाया किराया




**नई दिल्ली:** देश में सड़क से रसोई तक महंगाई की तगड़ी मार आम जनता पर पड़ रही है। बीते दिनों लगातार वृद्धि के बाद हालांकि, पेट्रोल और डीजल के दम में ठहराव आया है लेकिन फिर भी पेट्रोल, डीजल, सीएनजी सभी के दाम हाई पर बने हुए हैं। इसके चलते खाने-पीने की चीजों पर महंगाई बढ़ी है, तो साथ ही सफर भी महंगा हो गया है। अब किराए पर टैक्सी बुक कराके जाने के लिए भी आपको ज्यादा खर्च करना होगा।

**ओला ने किराए में किया इजाफा:** एप आधारित टैक्सी सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों पर पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दामों में इजाफे का असर साफ दिखाई दे रहा है। इसके चलते एक के बाद एक कंपनियों ने अपने किराये में वृद्धि की घोषणा की है। पहले उबर ने अपने किराए में बढ़ोतरी की, तो अब ओला ने भी कैब सर्विस का किराया बढ़ा दिया है। ओला ने भी देश के कई शहरों में किराये में वृद्धि की घोषणा की है। इसके लिए पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दाम में इजाफे को जिम्मेदार बताया गया है। कंपनी की।

## खबर संक्षेप

### धर्म छिपाकर की शादी बाद में पत्नी को घर से निकाला

**प्रयागराज।** धूमनगंज की रहने वाली एक महिला ने अपने शौहर पप्पू उर्फ अल्ताफ और सास-ससुर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, फजीर्वाड़ा करने और मारने पीटने का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने पुलिस को बताया कि कुछ साल पहले पप्पू ने अपनी जाति और धर्म छुपाकर उससे दोस्ती की। इसके बाद शादी कर ली। जब वह गर्भवती हुई तो उसे पता चला कि वह दूसरे धर्म का है। उसके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। सबसे छोटा बेटा डेढ़ साल का है। आरोप है कि पति अब आए दिन उससे मारपीट करता था। कुछ दिनों पहले उसे पीटकर घर से निकाल दिया। महिला अब मायके में आकर गुजारा कर रही है। महिला का आरोप है कि पति के एक दूसरी महिला से अवैध संबंध है। इसी वजह से वह परेशान कर रहा है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जवाबी कीर्तन शुक्रवार को

**सहसों।** क्षेत्र के देवनहरी गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत शानदार जवाबी कीर्तन का आयोजन 15 अप्रैल शुक्रवार को किया गया है। जवाबी कीर्तन कानपुर नगर के स्वर सम्राट पं लालमन चंचल तथा लखनऊ की रोशनी चंचल के बीच होगा। उक्त आशय की जानकारी आयोजक मंडल के रामधन गौतम ने दी।

# तालाब में डूबने से दो बालकों की मौत

अखंड भारत संदेश

**बारा।** प्रयागराज के बारा इलाके में तालाब में दोस्तों के साथ नहाते वक्त बुधवार दोपहर 10 वर्षीय कृष्ण कुमार और उसका चचेरा भाई नौ साल का आर्यन डूब गया। दोनों की मौत हो गई। चचेरे भाइयों की मौत परिवार में मातम छा गया। गांव में कोहराम मच गया।

**गरीब परिवार के ऊपर टूटा दुखों का पहाड़ :**

हादसा बारा थाना क्षेत्र के उमापुर गांव में हुआ। बताया जाता है कि उमापुर गांव निवासी बुद्धि प्रकाश भारतीय और सुरेश कुमार भारतीय सगे भाई हैं। बुद्धि प्रकाश मजदूरी करता है जबकि सुरेश कुमार ठेला लगाकर परिवार का पालन पोषण करता है। बुद्धि प्रकाश भारतीय का छोटा बेटा कृष्ण कुमार और सुरेश का पुत्र आर्यन बुधवार दोपहर गांव के अन्य बच्चों के साथ तालाब में स्नान करने गए थे। सभी बच्चे तालाब के पानी में खेलते हुए स्नान कर रहे थे। इसी बीच कृष्ण कुमार और आर्यन गहरे पानी में चले गए। कुछ देर बाद जब वह दिखाई नहीं पड़े तो वहां मौजूद दूसरे बच्चे परेशान हो गए। शोर मचाते हुए रोने लगे। दो बच्चे भागकर घर पहुंचे और घटना के बारे में बताया। थोड़ी देर बाद बच्चों के परिवार के लोग पहुंचे और फिर किसी तरह डूबे बालकों को बाहर निकाला। खबर पाकर बारा थाने की पुलिस पहुंच गई। आनन-फानन उन्हें निकट के अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। बच्चों की मां को संभालना मुश्किल हो रहा था।


मृत अवस्था में तालाब से निकाले गए दोनों बालक


बालकों की मौत के बाद घर पर लगी लोगों की भीड़

**चौथी कक्षा में पढ़ता था कृष्ण कुमारः**

कृष्ण कुमार सरकारी प्राथमिक विद्यालय में चौथी कक्षा में पढ़ता था, जबकि आर्यन स्कूल नहीं जाता था। दोनों बालक अपने परिवार के भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनकी मौत से माता-पिता के साथ ही पड़ोसियों के आखों में आंसू छलक पड़े।

## बबूल के पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव, हड़कंप



**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र के बौढ़ई (कटौता) गांव में बुधवार को तालाब के किनारे स्थित बबूल के पेड़ से एक 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का लटका हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मय फोर्स फूलपुर इंस्पेक्टर अमित कुमार राय मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भिजवाया। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीएम के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। ग्रामीणों का कहना है कि अधेड़ ब्यक्ति को मारकर लटकाया गया है या खुद व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है यह जांच का विषय है। वही अज्ञात व्यक्ति का पेड़ में लटकता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

## न्यूज झरोखा

### मार्ग पर बड़े-बड़े गढ्ढे, राहगीर हो रहे चोटहिल



**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर मार्ग से लिंक मार्ग चिरौड़ा से जलालपुर मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे होने के कारण प्रतिदिन राहगीर चोटिल हो रहे हैं। लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए देवनहरी चिरौड़ा से होते हुए जलालपुर संपर्क मार्ग में कई जानलेवा गड्ढे हो जाने के आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। विशेष तौर पर चिरौडा गांव में कई जानलेवा गड्ढे बीच सम्पर्क मार्ग में ही हो गए हैं। जिसके चलते अनजान राहगीर उन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। इस संबंध में कई बार स्थानीय नागरिकों ने विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया परन्तु आज तक उन गड्ढों की मरम्मत नहीं की जा सकी। जिसके चलते रात के समय में बाइक सवार उन गड्ढों में फंसकर गिर जाते हैं और चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय नागरिक प्रेमचंद गुप्ता ने बताया कि कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया। परन्तु महीनों भर से इन गड्ढों पर किसी की नजर नहीं जा रही है। जबकि आए दिन कोई न कोई वाहन इसमें फंसकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है । स्थानीय नागरिकों ने विभाग के अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर अविलम्ब मरम्मत कराए जाने की मांग की है ताकि कोई बड़ी दुर्घटना ना हो सके।

### सरायममरेज पुलिस ने वांक्षित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**प्रतापपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज, पुलिस अधीक्षक गंगापार, क्षेत्रधिकारी हंडिया के दिशा निर्देश पर सरायममरेज प्रभारी निरीक्षक आशीष कुमार पांडेय के नेतृत्व में चल रहे अभियान रोकथाम अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की गिरफ्तारी के क्रम में सरायममरेज पुलिस की टीम ने उपनिरीक्षक राजेश कुमार सिंह एवं कांस्टेबल अंकित कुमार यादव द्वारा विभिन्न मुकदमे 192/21 धारा 326/325/323/504/506 क्ढउ से संबंधित अभियुक्त रतन सिंह पटेल पुत्र रमाकांत पटेल निवासी सैदहा साथर थाना सरायममरेज को गिरफ्तार करके विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

### भाजपा प्रत्याशी केपी श्रीवास्तव की जीत पर जताया हर्ष



**जंघई।** इलाहाबाद कौशाम्बी विधान परिषद सीट से भाजपा प्रत्याशी केपी श्रीवास्तव की जीत पर व्यापारियों एवं भाजपाइयों में हर्ष का माहौल है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य केशरी प्रसाद पांडेय, पूर्व प्रधान गणेश पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष जंघई संजय जायसवाल, डीबी सिंह, ऋषि जायसवाल, दीपक दुबे आदि लोगों ने प्रदेश में हुए विधान परिषद के चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के लिए देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई दी है।

# करेहा गौशाला में सिर्फ एक आदमी के भरोसे 70 मवेशियों की जिम्मेदारी !

## एक हैंड पंप के सहारे एक मजदूर 70 पशुओं को पानी पिलाने में असमर्थ






करेहा में बनें गौशाला में पानी की किल्लत

अखंड भारत संदेस

**करछना।** पेयजल से जूझ रहे हैं करेहा में बनें गौशाला के मवेशी विकासखंड करछना के अंतर्गत ग्राम पंचायत करेंहा में बने गौशाला में पानी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण गौशाला में गायों का पेयजल को लेकर बुरा हाल है बताया जाता है कि 70 मवेशियों की देखभाल करने के लिए एक व्यक्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई है तथा इस भीषण गर्मी में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए एक हैंडपंप की व्यवस्था की गई है बताया जाता है कि एक हैंडपंप से एक व्यक्ति 70 मवेशियों को इस गर्मी के मौसम में पानी की आपूर्ति पिलाने में असमर्थ है जिसके चलते गौशाला में मवेशियों को इस भीषण गर्मी में पानी पीने की व्यवस्था चरमरा गई है जिसको लेकर मवेशी पानी के लिए तड़प रहे हैं ग्रामीणों ने जिम्मेदार अधिकारियों से गौशाला में पशुओं को पानी पिलाने के लिए समरसेबल पंप की व्यवस्था तत्काल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

# संदिग्ध हालात में विवाहिता फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मऊआइमा के किंगरिया का पूरा गांव का है मामला**

**विवाहिता के भाई ने मृतका बहन अनीता के पति,सास,ससुर के खिलाफ दहेज हत्या का दर्ज कराया मुकदमा**

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** विवाहिता घर के कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता के भाई ने बहन को दहेज के कारण हत्या का आरोप लगाते हुए पति, ससुर और सास के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गमरहटा निवासी लालजी ने अपनी पुत्री अनीता देवी की शादी आठ माह पूर्व मऊआइमा के ग्राम किंगरिया (खानपुर )निवासी सोनू पुत्र हरिलाल के साथ किया था। बताते हैं कि पति और पत्नी के बीच प्रायः किन्हीं बातों को लेकर झगड़ा होता रहता था। बताया गया है कि मंगलवार को देर शाम घर के सभी सदस्य कहीं गए थे। जब वापस आए तो अनीता देवी फांसी का फंदा बना कर कमर में झूल रही थी। शोर सुन कर आस पास के लोग एकत्रित हो गए। सूचना पर मयके पक्ष पहुंच कर दहेज हत्या का आरोप लगाने लगे। उधर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे ऊतरवा कर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।तथा मृतका अनीता देवी के भाई दिलीप कुमार ने दहेज के कारण बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए। मऊआइमा थाने में अनीता के पति सोनू ,ससुर हरिलाल, और सास नाम अज्ञात के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

# शोरुम का चोरों ने तोड़ा ताला, फरार





अखंड भारत संदेश

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के हनुमान नगर स्थित एक शोरूम का ताला बीती रात चोरों ने मौका पाते ही तोड़ दिए। हालांकि चोर अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाए और चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण को छोड़कर फरार हो गए। चोर की पूरी करतूत वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

जानकारी के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र के सण्डवा कला निवासी पंकज गिरि पुत्र खुशियाल गिरि नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवालाल बगिया के समीप हनुमान नगर स्थित कपड़े व जूते का शोरूम चलाते हैं। प्रतिदिन की तरह मंगलवार रात वह शोरूम में ताला बंद कर वापस घर चले आए। बुधवार सुबह लगभग दस बजे जब वह सेल्समैन के साथ शोरूम पर पहुंचे और वहां पर सामानों को अस्त-व्यस्त देखे तो उनके होश उड़ गए। सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया तो एक शातिर चोर छत व सीढ़ियों के रास्ते से शोरूम के अंदर दाखिल हो गया और काउंटर के गल्ले को तोड़ डाला। साथ ही शोरूम के ताले को तोड़ने के लिए लोहे की वस्तु से प्रयास करने लगा। जब वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हुआ तो औजार वहीं पर छोड़कर फरार हो गया। बता दें कि शोरूम के आसपास शाम होते ही नशेड़ीयो? का जमावड़ा लगा रहता है। सूचना मिलने पर नैनी कस्बा चौकी प्रभारी दलबल के साथ पहुंचे और घटित वारदात की जांच पड़ताल की, भुक्तभोगी ने रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए नैनी कोतवाली में तहरीर दी है।

## विद्युत कटौती से चंपापुर पावर हाउस के उपभोक्ताओं में आक्रोश

**जंघई।** क्षेत्र के चंपापुर फीडर से दर्जनों गावों में विद्युत आपूर्ति होती है इन गाँव के हजारों लोग इन दिनो बिजली के अनियमित कटौती से हैरान व परेशान है। विद्युत कटौती रात्रि और दिन में भी की जा रही है जिसके कारण ग्रामीण बेचैन है नियमानुसार बिजली न आना बार बार बिजली कटौती से ग्रामीणों को इस उमस भरी गर्मी मे रात भर जागने के लिए विवश कर रहा है।किसानों को अपनी फसलों को सिंचाई करने में समस्या आ रही है ग्रामीणों ने विद्युत कटौती रोकने की मांग की है।अनियमित रोस्टर से ग्रामीणों में आक्रोश है बार बार अधिकारियों से नियमित रोस्टर करने के लिए कहा जाता है लेकिन अनसुना कर देते है जिसके कारण ग्रामीणों मे असंतोष व्याप्त है।चंपापुर फीडर से जंघई, चौका, चनेथू, नेदुला, पतवां, पतैंया, जलालपुर, रस्तीपुर, सोरों, खखैचा, महरछा, झारी, पिलखिनी, भूलेंद्र,अनुवां, बजती, बघेड़ी, सरजूपट्टी आदि गाँवों में विद्युत सप्लाई होती है।ग्रामीणों ने कहा है कि अगर विद्युत आपूर्ति सुचारू ढंग से नहीं होगी तो उपभोक्ता पावर हाउस पर प्रदर्शन करेंगे।

# क्लास में प्रथम आने वाले बच्चों का बढ़ाया हौसला



अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** न्यू चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल सिंधी टोला, शंकरगढ़ का वार्षिक रिजल्ट घोषित किया गया। नर्सरी से कक्षा आठ तक क्लास में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आने वाले बच्चों को रिजल्ट प्रदान करते हुए विद्यालय प्रबंधन की तरफ से पुरस्कृत करते हुए आगे और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने नर्सरी से कक्षा आठ तक के कुल 45 बच्चों को पुरस्कृत किया है।

प्रबंधक पीसी मिश्र ने बताया कि आज सालाना परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इसमें अधिकतर बच्चों ने 90 फीसद से अधिक अंक अर्जित किया है। क्लास में प्रथम तीन स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। बताया कि नर्सरी के जीवेश सिंह, एलकेजी की सृष्टि सिंह, यूकेजी के फरहान अहमद और वीरा गुप्ता ने क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा एक में श्रीलक्ष्मी और अंश मिश्र ने संयुक्त रूप से प्रथम और कक्षा दो में वैष्णवी पांडेय व रुद्रांशी केसरवानी ने प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा तीन में दिव्यांशु पाल, कक्षा चार में राहिल इस्लाम खान, कक्षा पांच में अभिश्री सिद्धी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा छह में वैष्णवी गुप्ता, कक्षा सात में सागनिक कर और कक्षा आठ में कुनाल पांडेय व साहिल तिवारी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर शिक्षक पीसी मिश्र, अंकुश मिश्र, अनुज मिश्र, अंजू गुप्ता, साक्षी पांडेय, प्रिया सिंह, अमित सिंह, इसरार, बीएल सोनी, राहुल, रीतू सिंह, नीतू सिंह और ओपी सिंह मौजूद रहे।

## सहायता राशि प्राप्त होने पर निराश्रितों के चेहरे खिले



**सहसों।** श्रम विभाग द्वारा निराश्रितों को विभाग से मिली सहायता राशि से उनके चेहरे पर खुशी छा गई। क्षेत्र में श्रम विभाग में पंजीकृत मजदूरों को विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं का लाभ दिया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को क्षेत्र के विभिन्न गांव के पंजीकृत मजदूरों को श्रम विभाग द्वारा पात्रता के आधार पर बाण्ड के रूप में सहायता राशि प्रदान की गई। सहायता राशि प्राप्त कर निराश्रित महिला तथा अन्य लाभार्थी के चेहरे पर खुशी छा गई। क्षेत्र के जगबंधन पुर गांव निवासिनी निराश्रित महिला सितारा देवी, दरियापुर उर्फ गुलालपुर की ननकी देवी ,थानापुर की शुभा देवी को दो-दो लाख रुपए का बाण्ड मिला। इसी तरह बालिका मदद योजना के अंतर्गत रामनगर के ज्ञानेंद्र, मेड़ुआ गांव के राम सिंह, सराय शंकर के दिनेश आदि ने बाण्ड प्राप्त किया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी फूलपुर अमिता शुक्ला ने बताया कि बालिका मदद योजना के अंतर्गत बालिकाओं के लिए अंतर्गत पच्चीस हजार का बाण्ड तथा मृत्यु एवं अंत्येष्टि सहायता योजना के अंतर्गत मृतक आश्रित को दो लाख का बाण्ड दिया गया। इसके अतिरिक्त श्रम विभाग द्वारा कई योजनाएं निर्बल वर्ग के लोगों के लिए चलाई जा रही है। जिसका लाभ भी लोगों को प्राप्त हो रहा है।

# स्कूल चलो अभियान के साथ स्मार्ट क्लास का उद्घाटन

## कौड़िहार ब्लॉक के शिक्षक संघ अध्यक्ष राधे कृष्ण ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना


कौड़िहार ब्लॉक में रैली को हरी झंडी दिखाते ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण।

अखंड भारत संदेश

**लालगोपालगंज।** परिषदीय विद्यालयों में छात्रों के नवीन नामांकन का दौर चल रहा है। जिसके लिए गांव में स्कूल चलो अभियान की रैली भी निकाली जा रही है। नए युग के अनुसार सरकारी स्कूलों में एलईडी लगाकर स्मार्ट क्लास के माध्यम से पठन-पाठन किए जाने का भी सिलसिला शुरू है। अप्रैल के पहले सप्ताह में स्कूल चलो अभियान का प्रदेश व्यापी अभियान शुरू हुआ है। जिसके तहत कौड़िहार ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय सरस्वतीपुर इंग्लिश मीडियम की ओर से बुधवार को स्कूल चलो अभियान की रैली आयोजित की गई। इससे पूर्व कौड़िहार प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। बच्चों ने रैली में विभिन्न प्रकार के प्रेरित करने वाले नारे लगाकर जागरूक किया। तत्पश्चात प्रधानाध्यापक फूलचंद पटेल ने एलईडी लगाकर स्मार्ट क्लास बनाया है। जिसका बाकायदा उद्घाटन भी किया गया। स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को अब पढ़ने में और अधिक आसानी हो सकेगी। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राधे कृष्ण, प्रधानाध्यापक फूलचद पटेल, शालिनी सिंह विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष माला देवी आदि मौजूद रहे।

## स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली



**प्रतापपुर।** विकास खण्ड क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय उग्रसेनपुर में स्कूल चलो अभियान के तहत बुधवार को प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में रैली निकाली गई।रैली में बच्चो का उत्साहवर्धन करने के लिए शिक्षक भी कदमताल करते रहे।विद्यालय परिसर से शुरू होकर गाँवो का भ्रमण कर विद्यालय पहुँचने पर रैली का समापन हुआ।इस अवसर पर शिक्षक करुणा सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, शांति वर्मा, रेखा रावत, ममता कुमारी, कमला जेडी सम्मलित रहे।

# अपने ही खेत में फसल न काट पाने पर पीड़िता ने योगी सरकार से लगाई गुहार

**प्रशासनिक अधिकारियों की पीड़िता लगा चुकी है चक्कर फिर भी कोई सुनवाई नही हुई**



अखंड भारत संदेश

**लेडियारी।** क्षेत्र के खीरी थाना अंतर्गत सरोज सिंह पत्नी शिवदास सिंह निवासी ग्राम बिसरी हाल मुकाम मझिगवां तहसील कोरांव थाना खीरी जनपद प्रयागराज का निवासी है। सरोज सिंह ने मझिगवां मे खाता सं. 33 के माथ सं. 15 रकबा 0.4340 से 0.3738 हेक्टेयर का पंजीकृत बैनामा लिया है। जिसकी नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। तथा सरोज सिंह का नाम खतौनी में दर्ज है। सरोज सिंह द्वारा उक्त जमीन पर गेहूँ और मटर की बुआई की है। सरोज की फसल पक चुकी थी जिसको सरोज सिंह 16 बोझ फसल बांधकर खेत छोड़ दी थी । लेकिन गांव के दबंगों ने कटी फसल को लोग सरोज की फसल को उठा ले गए। जबकि प्रशासन के समक्ष यह निर्णय लिया गया कि फसल की शेष कटाई 9/04/22 के बाद लगेगी । जबकि सरोज की फसल चोरी करने के साथ साथ खेत में खड़ी फसल जानवरों से नष्ट भी करा रहे है। सरोज सिंह पत्नी शिवदास सिंह ने तहसील दार कोरांव को भी अपने जमीन पर उगी फसल कटवाने के लिए आवेदन दे चुके हैं और साथ है थाना अध्यक्ष खीरी को भी मामले की तहरीर दे चुके हैं फिर भी अभी तक कोई सुनवाई नही हो पायी है, अतः पीड़िता हताश होकर अब यूपी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है।

## खबर संक्षेप

### डॉ भीमराव अंबेडकर की जयन्ती आज

**सहसों।** भाजपा गंगापार द्वारा डा. भीमराव अंबेडकर की जयन्ती आज गुरुवार को सुबह 10 बजे बहुत ही भब्यता के साथ छत्रपति शिवाजी डिग्री कालेज सहसों में मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में गोरखपुर व काशी क्षेत्र के विस्तारक प्रमुख नागेश्वर जी, प्रयागराज एंव कौशांबी से नव निर्वाचित एम एल सी के.पी.श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष वी.के.सिंह एंव फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल, जिला अध्यक्ष अश्विनी कुमार द्विवेदी एंव विधायक प्रवीण पटेल, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य एंव एमएलसी सुरेंद्र चौधरी शामिल होंगे। एवं गंगापार के समस्त भाजपा संगठन के पदाधिकारी, तथा विभिन्न ब्लॉक के प्रमुख गंण व जिला पंचायत सदस्य से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। उक्त जानकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी जिला मिडिया प्रभारी गंगापार ने दी है।

# गंगा कछार में अवैध प्लाटिंग पर चला पीडीए का बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ प्रयागराज विकास प्राधिकरण का अभियान जारी है। बुधवार को सीडीए पेंशन कार्यालय के पीछे सदर तहसील के कछार सराय भीखी अराजी संख्या 30, 35 और 36 पर 300 बीघा से अधिक जमीन पर की गई अवैध प्लाटिंग को ढहाया गया। कार्रवाई के लिए दो बुलडोजर लगाया गया था। सुबह दस बजे से कार्रवाई शुरू हुई और शाम पांच बजे तक चलती रही। वहीं बघाड़ा में अवैध प्लाटिंग को ढहाया गया।

**300 बीघा से अधिक में भू माफियाओं ने कर रखी थी प्लाटिंग**

सीडीए पेंशन कार्यालय के पीछे गंगा के कछार में प्रतिबंध के बावजूद इसरार अहमद, परवेज अहमद, असद, सीताराम निषाद, रमेश निषाद, राकेश पांडेय, हरिश्चंद्र पाल सहित दर्जनों लोग सैकड़ों बीघा में अवैध प्लाटिंग कर ली है। पीडीए की ओर से इनको कई बार नोटिस भेजा गया। नोटिस के बाद भी अवैध प्लाटिंग चल रही थी। इसलिए पीडीए ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। तीन सौ बीघा जमीन पर 600 से अधिक भूखंड पर बनी बाउंड्री को ढहाया गया।इसके अलावा बघाड़ा में पांच हजार वर्गमीटर की अवैध प्लाटिंग ढहाई गई। एसडीएम सदर सौरभ भट्ट ने बताया कि वहां पर स्टेट लैंड पर अवैध प्लाटिंग हो रही थी। उसे कब्जा मुक्त करवाया गया।


गंगा के कछार में अवैध प्लाटिंग को ढहाता पीडीए का बुलडोजर

## ...और फिर अचानक वापस लौट गया बुलडोजर

सीडीए पेंशन के पीछे अवैध प्लाटिंग को पीडीए की ओर से बुधवार को ढहाया जा रहा था। जहां पर अवैध प्लाटिंग हुई है, वहीं पर एक फार्म हाउस करीब सौ बीघा से अधिक में बना हुआ है। वहां पर एक पार्टी का झंडा भी लगा हुआ है। फार्म हाउस की दीवार तोड़ने के लिए जैसे ही बुलडोजर आगे बढ़ा तो वहां कई गाड़ियों से कुछ लोग आ गए। इसी दौरान पीडीए के अधिकारी के पास फोन आ गया। फोन किसका था यह जानकारी अधिकारी ने नहीं दिया। लेकिन फोन आते ही बुलडोजर का रुख बदल गया। बुलडोजर वहां से लगभग 300 मीटर दूर जाकर कछार में हुई अवैध प्लाटिंग ओर खेती को नष्ट करने लगा। फार्म हाउस किसका है और कार्रवाई क्यों नहीं हुई लोग अपने-अपने अनुसार चर्चा करते रहे।वही पीडीए बीसी ने कहा अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी। सभी स्थान चिह्नित कर लिए गए है। समय-समय पर कार्रवाई की जाएगी। जिन लोगों ने अवैध प्लाटिंग की है वह नक्शा पास करा लें। नहीं तो उनके खिलाफ ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। **अरविंद चौहान, पीडीए उपाध्यक्ष।**

# पूर्व विधायक उदयभान करवरिया को दो महीने की अंतरिम जमानत


कोर्ट में समर्थकों के साथ खड़े पूर्व विधायक उदय भन करवरिया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विधायक जवाहर हत्याकांड मामले में जेल में बंद पूर्व विधायक उदयभान करवरिया को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राहत दी है। कोर्ट ने उपचार के लिए उन्हें दो महीने के लिए पैरोल पर छोड़ने का आदेश दिया है। वह 18 अप्रैल से 18 जून तक पैरोल पर रहेंगे। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति विकास कुमार श्रीवास्तव ने उदयभान करवरिया की अर्जी पर सुनवाई करते हुए दिया है।

इसके पहले कोर्ट ने उनकी ओर से प्रस्तुत की गई अर्जी पर सुनवाई की। कोर्ट को याची के अधिवक्ता धर्मेंद्र धर दूबे ने बताया कि वह 2018 से दिल की बीमारी का उपचार करा रहे हैं। एम्स दिल्ली के चिकित्सकों ने उनकी एंजियोग्राफी रिपोर्ट देखकर उन्हें उपचार कराने की सलाह दी है।

**चर्चित जवाहर पंडित हत्याकांड में काट रहे हैं उम्रकैद की सजा**

उनका उपचार सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल में होना है। कोर्ट ने याची की चिकित्सकीय रिपोर्ट देखते हुए पाया कि जेल में उपचार संभव नहीं है। लिहाजा, याची की अल्पकालिक जमानत अर्जी को स्वीकार की जाती है।याची 18 अप्रैल 2022 से 18 जून तक पैरोल पर बाहर रहेगा। इस दौरान उपचार कराने के बाद याची फिर सीजेएम अदालत में आत्मसमर्पण करेगा। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया जाएगा। हालांकि, याची को यह भी हिदायत दी गई है कि वह किसी भी गैरकानूनी गतिविध में शामिल नहीं होगा। कोर्ट ने 24 घंटे के भीतर हाईकोर्ट के महानिबंधक और सीजेएम अदालत को आदेश की जानकारी देने को कहा है।

## एक्सईएन का नहीं दर्ज हो सका बयान

**प्रयागराज।** भाजपा नेता सुरेंद्र चौधरी और बिजली विभाग के टैगोर टाउन अधिशासी अभियंता मनोज अग्रवाल के मुकदमे को पुलिस ने ठंडे बस्ते में डाल दिया है। दोनों मुकदमों में अब तक पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। मंगलवार को अधिशासी अभियंता मनोज अग्रवाल का बयान दर्ज होना था लेकिन नहीं हो सका। जार्जटाउन थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि फोन पर अधिशासी अभियंता से संपर्क किया गया, लेकिन वह नहीं मिले। उन्होंने बुधवार का समय दिया है। पुलिस का कहना है कि पहले वादी का बयान दर्ज हो जाए, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं एससी-एसटी एक्ट के मुकदमे में भी सीओ कर्नलगंज ने कोई कार्रवाई नहीं की है। एमएलसी सुरेंद्र चौधरी का भी बयान नहीं दर्ज हुआ है।



गंगा की धारा पर बनी सड़क को जेसीबी से हटाया गया

## खबर छपने के बाद जागा प्रशासन गंगा की धारा पर बनी सड़क हटवाई

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के छिबैया के सुमेरपुर में गंगा की धारा रोकने का मामला अखबारों में प्रकाशित हुआ तो प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया बुधवार को एडीएम, एसडीएम फूलपुर, खनन विभाग के साथ झूंसी पुलिस मौके पर पहुच गंगा की धारा पर बनी सड़क जेसीबी से कटवा दी। संगम से पूरब की ओर महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर झूंसी थाना क्षेत्र के छिबैया के सुमेरपुर में खनन करने की नियत से खनन माफियाओं ने गंगा की एक धारा का प्रवाह रोक कर सड़क बना दी थी जब मामला अखबारों की सुर्खियों में आया तो शासन प्रशासन के अफसरों के हाथ पांव फूल गए। लोगो के आस्था की प्रतीक माँ गंगा से जुड़ा मामला होने के नाते जिलाधिकारी प्रयागराज संजय खत्री ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए जांच टीम गठित। टीम गांव में जांच करने पहुंची तो घण्टो मसक्कत के बाद जेसीबी से गंगा की धारा पर बनी सड़क हटवाई गई। हलाकि वहा मौजूद कुछ किसानों का कहना था कि यहाँ सड़क कछार में खेती करने वालो ने अपने आने जाने के लिये बनवाया था।

## न्यूज झरोखा

### भाजपा पार्षद के भतीजे पर बम से हमला, घायल



**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के रामनगर चौराहे के समीप बीती रात दबंगों ने भाजपा पार्षद के भतीजे पर बम से हमला कर दिए। जिससे छर्रे लगने से वह जख्मी हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मामले की तहरीर नैनी कोतवाली पुलिस को दी गई है। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के मुखिया नगर नई बस्ती निवासी दिव्यांशु कुमार मंगलवार रात लगभग 9:00 बजे अपनी मां खुशबू देवी पत्नी राजकुमार का दवा लेने के लिए राम नगर चौराहे पर स्थित एक मेडिकल स्टोर पर गया हुआ था। वह भाजपा पार्षद सविता देवी पत्नी मुकेश कुमार का भतीजा है। बताया जाता है कि वह एक फल की दुकान पर बैठा था कि तभी 7 से 8 दबंग उसके पास पहुंचे और किसी बात को लेकर कहासुनी करने लगे। बात आगे बढ़ी तो मारपीट पर वह सभी उतारू हो गए। जब उसने विरोध किया तो वह सभी दिव्यांशु को दौड़ा-दौड़ा कर सरेराह पिटाई करने लगे। जब वह अपनी जान बचाकर दबंगों के चंगुल से भागना चाहा तो आरोप है कि उस पर दबंगों ने लक्ष्य बनाकर बम फेंक दिए। जिस से छर्रा लगने से वह घायल हो गया। सूचना मिलने पर इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंची और घटित वारदात की जांच पड़ताल करते हुए बैरंग वापस लौट आई। वहीं घायल दिव्यांशु को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### वन रेंज मेजा कार्यालय में हुआ पूजा पाठ



**मेजा रोड।** रामनवमी के उपलक्ष्य में वन क्षेत्राधिकारी मेजा अजय सिंह ने वन रेंज मेजा कार्यालय स्थित राधा कृष्ण मंदिर में विधिवत पूजन हवन कर क्षेत्र में सुख शांति के लिए मंगल कामना की। इस अवसर पर अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।गौरतलब है कि वन रेंज कार्यालय मेजा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में प्रतिवर्ष रामनवमी के उपलक्ष्य में अखंड श्रीरामचरितमानस का पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है। इसी क्रम में वन क्षेत्राधिकारी मेजा अजय सिंह के नेतृत्व में 12 अप्रैल से अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ प्रारंभ किया गया और 13 अप्रैल को पूणार्हुति पर श्री सिंह ने सपरिवार हवन कर क्षेत्र के सुख शांति के लिए भगवान श्रीराम से मंगल कामना की। अखंड पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के राम भक्त तथा मेजा, मांडा व कोरांव क्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारी गण शामिल रहे।

### बीएसए के औचक निरीक्षण में नादारथ मिले शिक्षक




**झूंसी।** शिक्षण व्यवस्था देखने के लिए प्रयागराज के बीएसए एक अनोखे अंदाज में प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे बच्चे तो मिले पर शिक्षक गायब मिले बीएसए ने प्रार्थना कराई बच्चों की क्लास ली और फिर देर से पहुंचे शिक्षकों की जम कर क्लास ही लगाई। स्कूल चलो अभियान व शिक्षा के स्तर को जांचने बीएसएफ प्रवीण कुमार त्रिपाठी बुधवार की सुबह एक अलग अंदाज में स्कूलों का औचक निरीक्षण करने पहुंचे स्कूटी से हेलमेट लगाए बीएसए सबसे पहले बहादुरपुर विकासखंड के रहीमापुर प्राथमिक विद्यालय पहुंचे जहां कोई भी शिक्षक शिक्षिकाएं नहीं पहुंची थी रसोईया से बीएसएनए शिक्षकों को फोन कर बुलाने की बात कहकर खुद ही प्रार्थना कराई और बच्चो को पढ़ाने लगे। वहां से प्रवीण कुमार त्रिपाठी केशवापुर प्राथमिक विद्यालय पहुंचे वहां भी शिक्षक गायब थे केवल 76 में से 10 बच्चे उपस्थित मिले जिसके बाद मलावा खुद पहुंचे वहां शिक्षक तो मिले पर पर वह बच्चों को पढ़ाने के बजाय किसी दूसरे काम में लगे हुए थे। समय पर विद्यालय में पहुंचने वाले शिक्षकों पर कठोरतम कार्रवाई करने की बात कहते हुए सभी शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने का निर्देश दिया।



## एनएसयूआई के अरबाज खान बने सीएमपी के इकाई अध्यक्ष

**प्रयागराज।** छात्र हितों के लिए सदैव तत्पर एवं संघर्षरत छात्र संगठन एनएसयूआई प्रयागराज की सीएमपी डिग्री कॉलेज इकाई के इकाई अध्यक्ष की घोषणा जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर द्वारा श्री अरबाज खान जी को नियुक्त किया जाता है संगठन के प्रति इनकी निष्ठा व कार्यकुशलता को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व की संतुति पर सीएमपी डिग्री कॉलेज इकाई का इकाई अध्यक्ष घोषित किया गया आशा है की सशक्त इकाई अध्यक्ष के रूप में संगठन की विचारधारा व संगठन को मजबूत करने के साथ साथ छात्र हित में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएंगे। साथ ही जिलाध्यक्ष अक्षय यादव क्रांतिवीर ने यह बताया कि संगठन को नए सिरे से बनाने पर जोर है जिसके क्रम में प्रयागराज के समस्त संस्थानों में एनएसयूआई को पहुचाना है जिससे आगामी प्रवेशार्थी छात्रों की भरपुर मदद हो और संगठन और सुदृढ़ हो।

# कौड़िहार सपा ब्लाक प्रमुख के करोड़ो की संपत्ति हुआ कुर्क

**अखंड नगर संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में समाजवादी पार्टी (सपा) के टिकट पर गैंगस्टर गो-तस्कर मुजफ्फर ने नैनी जेल में बंद रहते हुए ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव जीता था। कौड़िहार ब्लाक से उसका पर्चा भराया गया था। कोर्ट की परमिशन लेकर वह नैनी जेल से ब्लाक में मतदान करने भी पहुंचा था। पुलिस के मुताबिक, 5 जिलों (फूलपुर, नवाबगंज, कौशाम्बी, खागा फतेहपुर) में गो-तस्करी जैसे संगीन आरोपों में 15 एफआईआर दर्ज हैं। अब भाजपा सरकार की ओर से अपराधियों पर की जा रही कार्रवाई के क्रम में आज मुजफ्फर की संपत्तियां कुर्क कर दी गई है। एसएसपी प्रयागराज अजय कुमार ने बताया कि मुजफ़्फर थाना पूरामुफ्ती का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। हिस्ट्रीशीट क्रमांक 15 बी पर इसके काले कारनामे दर्ज हैं। गौतस्करी जैसे जघन्य अपराधों से इसने करोड़ों की काली कमाई खड़ी की। गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दफा 14 (1) के तहत इसकी सारी काली कमाई से अर्जित प्रमुख 05 प्लॉटों को जब्त कर लिया गया है। इसकी काली कमाई से अर्जित अन्य संपत्तियों की जांच और तलाश जारी है। जल्दी ही इसके रैकेट को पूरी तरह से नेस्तनाबूद और ध्वस्त कर दिया जाएगा।



कुर्की के दौरान उपस्थित पुलिस फोर्स व अधिकारी

### चार मकान एवं एक प्लाट पर कुर्की की कार्रवाई


कुख्यात गौतस्कर व दुर्दांत माफिया मुजफ्फर की काली कमाई से संबंधित करोड़ों रुपए के 05 बड़े प्लॉटों की कुर्की की कार्यवाही की गई है। चार मकान और एक भूखंड को कुर्क करने की डीएम की अनुमति देने के बाद जिला व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों एवं भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में आज कुर्की की कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि 7 जुलाई को जिले की पूरामुफ्ती पुलिस ने 13 आरोपियों के खिलाफ गो-तस्करी के मामले गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। इसमें मुजफ्फर का नाम भी शामिल था। वह लंबे समय से गो-तस्करी के कारोबार में शामिल है। उसके गिरोह के खिलाफ पूरामुफ्ती पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। इस वक्त वह नैनी जेल में बंद है।

## घायल डॉक्टर को अस्पताल से मिली छुट्टी

**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल की ओपीडी बिल्डिंग के रूम नंबर 1/9 की छत का प्लास्टर गिरने से घायल डॉ. प्रवीण प्रसाद को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उनकी हालत में सुधार है। बता दें कि पिछले सोमवार को कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. प्रसाद ओपीडी में मरीज देख रहे थे। उसी दौरान उनके सिर पर छत का प्लास्टर गिर गया। जिससे वह घायल हो गए। उन्हें मेडिसिन विभाग के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया था।

# शुआट्स में फूड इंसाईट वेबिनार का आयोजन




**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** सैम हिगिनवाट्म यूनीवर्सिटी आफ एग्रीकल्चरल, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज में एक दिवसीय फूड इंसाईट वेबिनार का आयोजन प्रोसैस एंड फूड इंजिनियरिंग डिर्पाटमेंट, वाघ इंस्टिट्यूट आफ एग्रीकल्चरल इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा फूड०टेक० छात्रों के लिए किया गया। प्रोफेसर डा० अर्पण शेरिंग (डीन) के सहयोग एवं प्रोत्साहन के द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्रोफेसर (डा०) आरिफ ए० ब्रॉडवे ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। मुख्य वक्ता प्रो० (डा०) वी० के० यादव (हैड- आई० आई० सी० पी० टी० बठिण्डा, पंजाब), ने खाद्य प्रसंस्करण में 3डी प्रिंटिंग के माध्यम से परिप्रेक्ष्य और भविष्य के संसाधन पर व्याख्यान देते हुए अपना अनुभव छात्रों के साथ साझा किया। अंततः विभागाध्यक्षा इंजी० डॉरकस मसीह द्वारा सभी वक्ताओं का धन्यवाद किया गया। वेबिनार का आयोजन विभिन्न संकाय सदस्यों आदित्य लाल, श्रीमती चित्रा सोनकर, (डा०) हिना इम्तियाज एवं विभिन्न छात्रों हिमांशु प्रताप सिंह, माही रघुवंशी, अनुक्रीती दीवान, अनुष्का पांडेय, निदा आफरीन, उत्कर्ष राज, मेदाशिशा खोंगवीर, आनंद शेखर सिंह, अभिषेक लाल, अर्चना कुमारी, हर्षित सक्सेना के सहयोग से किया गया।

## डीएम सुहास एलवाई आदेश का पालन करें या हाजिर हों




**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गौतमबुद्धनगर के डीएम सुहास एलवाई को अवमानना नोटिस जारी कर आदेश का पालन करने या फिर पांच अगस्त को हाजिर होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने डीएम से स्पष्टीकरण मांगा है कि क्यों न कोर्ट के आदेश की अवहेलना पर उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही की जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति सरल श्रीवास्तव ने वीना कुमारी व अन्य की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। डीएम को एक अन्य मामले में भी अवमानना नोटिस जारी हुई है। कोर्ट ने कहा है कि आदेश का पालन करने की दशा में हाजिर होने की जरूरत नहीं होगी। याची की ओर से अधिवक्ता सौमित्र द्विवेदी और शौर्य कृष्ण ने पक्ष रखा। कोर्ट ने 22 जनवरी 2021 को डीएम को वसूली कार्यवाई तीन माह में पूरा करने का निर्देश दिया था और कहा था कि जरूरी हो तो पुलिस बल मुहैया कराया जाए, जिसका पालन नहीं किया गया।

### पांच जुलाई तक आदेश का पालन कर देना है एफिडेविट

गौतबुद्धनगर के डीएम को इसके अलावा जेकेजी कंस्ट्रक्शन कंपनी की अवमानना याचिका पर भी अवमानना नोटिस जारी हुई है। मामले में कंपनी के खिलाफ रेरा अथॉरिटी ने वसूली कार्रवाई शुरू की, जिसे याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई।कोर्ट ने कंपनी के खिलाफ उत्पीड़नात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी। इसके बावजूद कंपनी का बैंक खाता जब्त कर लिया गया। इस पर यह अवमानना याचिका दाखिल कर आदेश की अवहेलना करने के लिए दंडित करने की मांग की गई है। मामले में डीएम सुहास एलवाई को पांच जुलाई तक आदेश का पालन कर व्यक्तिगत हलफनामा फाइल करना होगा अन्यथा उन्हें पेश होना पड़ेगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत चंदौली विकास खण्ड करछना प्रयागराज

### टेण्डर/कोटेशन

मनरेगा/चतुर्थ राज्य वित्त/14वां/15वां वित्त योजनाअन्तर्गत ग्राम पंचायत **चंदौली** विकास खण्ड करछना में अद्योलिखित कार्यो के आगणन /प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति भाड़ा सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 14-04-2022 से दिनांक 20-04-2022 को अपराह्न 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत **चंदौली** में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 25-04-2022 को अपराह्न 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेन्डर/कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 25-04-2022 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराह्न तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा। जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | इंदल सिंह के घर से मनी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.25 लाख | 1 माह |
| 2. | बाबा लाल के घर से दिनेश गौड़ के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 3.50 लाख | 1 माह |
| 3. | सुनायक के घर से तालाब तक पक्की नाली निर्माण कार्य | 2.40 लाख | 1 माह |

अनिल कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत चंदौली
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/टेण्डर/कोटेशन/2021-22/ दिनांक

अमित यादव
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चंदौली
वि0 ख0 करछना प्रयागराज

# अपर शिक्षा निदेशक ने पट्टी क्षेत्र के कई परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

## इंटर अंग्रेजी की दुबारा हो रही परीक्षा पर अधिकारियों की रही कड़ी नजर

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक राजकीय डॉ अंजना गोयल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के प्रथम पाली इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्र नौलाखी देवी सोमवंशी इंटर कालेज भरोखन पट्टी, राजकीय बालिका इंटर कालेज पट्टी, काशी प्रसाद यादव बालिका इंटर कालेज सदहा पट्टी, महादेव प्रसाद इंटर कालेज महादेवनगर, लाल बहादुर यादव इंटर कालेज बिनैका पट्टी परीक्षा केंद्र पर परीक्षा संचालन एवं परीक्षा की शुचिता एवं पवित्रता के बारे में केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट से संबंधी


परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करतीं अपर शिक्षा निदेशक डा0 अंजना गोयल

आवश्यक पूछताछ किया और अपनी उपस्थिति में कॉपियों को सील पैक करा कर पुलिस अभिरक्षा में उप संकलन केंद्र रामराज इंटर कॉलेज पट्टी में जमा करवाया।

इसी प्रकार अन्य सभी परीक्षा केंद्रों पर रखे डबल लॉक में प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल की सुरक्षा व्यवस्था संबंधी सुरक्षा बल को तैनाती के महत्वपूर्ण निर्देश दिए। साथ ही सीलिंग पैकिंग के समय उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल पर केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर करने की अनिवार्यता को भी निर्देशित किया और सभी केंद्रों पर उत्तर प्रदेश बोर्ड द्वारा दी गई उत्तर पुस्तिकाओं का मिलान एवं उनका प्रतिदिन के उपभोग की जांच की। अधिकांश परीक्षा केंद्रों पर स्ट्रांग रूम की लॉग बुक व्यवस्थित ढंग से देखने को मिली.निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सर्वदानंद द्वारा नामित लाइजन अफसर के रूप में डॉ विंध्याचल सिंह एवं डॉ मोहम्मद अनीस साथ रहे। सचल दल सदस्य के रूप में नीरू श्रीवास्तव, सारिका गुप्ता, सरोज कुमार यादव, स्टेनो एडी अशोक कुमार पटेल, कांस्टेबल राहुल, कांस्टेबल प्रवीण आदि रहे। अपर शिक्षा निदेशक राजकीय ने परीक्षा केंद्रो के निरीक्षण के साथ ही साथ जनपद मुख्यालय स्थित संकलन केंद्र एवं जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।

### इंटर अंग्रेजी की परीक्षा में 4148 अनुपस्थित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आज गुरुवार को प्रथम बेला में माध्यमिक शिक्षा परिषद की अंग्रेजी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुई जिसमें 41171 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें से 4148 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इस तरह 37023 परीक्षार्थियों ने इंटर अंग्रेजी की परीक्षा दी। परीक्षा देने वालों में 20124 छात्र तथा 16899 छात्राएं थी। इंटर की परीक्षा दुबारा होने के कारण अधिकारी आज ज्यादा सतर्क दिखाई दिये। बता दें कि बलिया से इंटर का अंग्रेजी पिछले दिनों आउट हो गया था जिसके कारण माध्यमिक शिक्षा परिषद ने उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों की परीक्षा निरस्त कर दी थी। वही परीक्षा आज 13 अप्रैल को पूर्व निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल सम्पन्न हुई।

## मारपीट व तोड़फोड़ में तीन के खिलाफ मुकदमा

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने मारपीट तथा तोडफोड एवं गालीगलौज व धमकी को लेकर तीन आरोपियो के खिलाफ बुधवार को केस दर्ज किया है। कोतवाली के भागीपुर निवासी इख्तियार की पत्नी मैनुलनिशा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि नौ अप्रैल को बकरी के विवाद मे गांव के जाकिर पुत्र जमील तथा दिलशाद पुत्र जाकिर व जैतुननिशा ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा। आरोपियो ने पीड़िता के दरवाजे पर रखी चारपाई आदि तोड़ दी। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीनों आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## आईजी से की पीड़ित ने इंसाफ की गुहार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना के देउम पूरब चैधरी का पुरवा निवासी कल्लूराम वर्मा की विधवा पत्नी सरजू देवी ने प्रयागराज के आईजी को दिये गये शिकायती पत्र मे भूमिधरी मे मेड़ तोड़कर गालीगलौज को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की गुहार की है। पीड़िता ने शिकायती पत्र मे कहा है कि गोपालपुर गांव मे एक जमीन के विवाद को लेकर उसके पति कल्लूराम वर्मा की बीते वर्ष अठारह अक्टूबर को हत्या कर दी गयी थी। जमीन के विवाद को लेकर अब उसे गांव के चार आरोपी भी परेशान कर रहे हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपियो ने उसकी बैनामाशुदा भूमिधरी पर मेड़ तोडकर कब्जा कर लिया है और शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दे रहे है।

## विवाहिता ने ससुराल में फांसी लगाकर दी जान


विवाहिता के शव के पास जमा भीड़।

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कैथा अशोगी गांव में बुधवार की सुबह ससुराल में विवाहिता ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। विवाहिता के शव को चुल्ले लटकता देख ससुराल में हड़कम्प मच गया। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कैथा अशोगी गाव निवासी लालचंद सरोज(पूर्व ग्राम प्रधान)के लड़के अशोक कुमार उर्फ डब्लू सरोज की शादी निशा देबी (27) वर्षीय के संग हुई थी। बुधवार की सुबह निशा का शव बन्द कमरे में चुल्ले में साड़ी के फंदे से लटकता मिलने पर हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही संग्रामगढ़ पुलिस मौके पर पहुची और शव को नीचे उतरवाकर लिखा पढ़ी करके पीएम को भेजा। उधर मृतक के मायके वालों ने निशा के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए घटना की तहरीर पुलिस को दी। मौके पर निशा के मायके वाले भी पहुच गए। पुलिस जांच में जुटी हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने का इंतजार कर रही है।

### रंजिशन मारपीट में केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने रंजिशन मारपीट की घटना मे एक आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के अजगरा निवासी रामदास के पुत्र सदाशिव ने दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बारह अप्रैल को गांव के दिलीप कुमार पुत्र रामलाल ने रंजिशन उसे घेरकर लाठी डंडे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी गाली गलौज करते हुए भाग निकला। आरोपी ने शिकायत करने पर पीड़ित को जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मंगलवार की रात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## जिलाधिकारी ने उर्सला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**कानपुर।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने उर्सला अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी सबसे पहले उर्सला अस्पताल के दवा वितरण कक्ष में पहुंची जहां पर उन्होंने लोगों से जानकारी करते हुए पूछा कि दवा आपको पूरी मिल गई है कि नहीं उनके द्वारा बताया गया।कि दवा उन्हें मिल गई है उन्होंने पूछा कि दवा बाहर से तो नहीं मंगाई जा रही है इस पर परिजन द्वारा बताया गया कि दवा अस्पताल से ही उन्हें मिल रही है। जिलाधिकारी ने उपस्थित डॉक्टर को निर्देशित करते


अस्पताल का औचक निरीक्षण करती जिलाधिकारी।

हुए कहा कि किसी भी प्रकार से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी नही होनी चाहिए। दवा की उपलब्धता रहे इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। ओपीडी के शौचालय का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान शौचालय में काफी गंदगी थी।इस पर उन्होंने सफाई में लगी कार्यदाई संस्था के प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि सफाई में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए प्रतिदिन कर्मी द्वारा सफाई की जाए यह प्रत्येक स्थिति में सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान शौचालय में बिजली नहीं थी तथा बिजली के कंट्रोल रूम का दरवाजा टूटा हुआ था इस पर उन्होंने जे ई को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि प्रत्येक स्थिति में समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। तत्पश्चात उन्होंने ब्लड बैंक का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लड की उपलब्धता के विषय में जानकारी की तो उपस्थित डॉक्टर द्वारा बताया गया कि ब्लड की कोई कमी नहीं है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है सभी स्वस्थ्य व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

## प्रतापगढ़ बनारस रेल मार्ग पर बिछाई जाने लगी नई लाइन

### चलने वाली है राजधानी रेलवे ने शुरू कराया ट्रैक नवीनीकरण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आने वाले समय में प्रतापगढ़ को देश में तेज रफ्तार से चलने वाली ट्रेनों जैसे राजधानी एक्सप्रेस इत्यादि की सुविधा मिलेगी। इसके मद्देनजर ट्रैक का नवीनीकरण किया जा रहा हैं। जिसमें पुरानी के स्थान पर ठोस और भारी वजन की नई रेल लाइन बिछाने का काम शुरू कर दिया गया। जो आने वाले कुछ महीनों में पूरा हो जाने की उम्मीद है।


ट्रैक नवीनीकरण का कार्य करते रेल कर्मी।

वह दिन दूर नहीं जब प्रतापगढ़ वासियों को 120, 140 की गति से चलने वाली सुपर फास्ट ट्रेनों में सफर की सुविधा हो जायेगी। (अभी 110 की स्पीड है)। उन्हें लखनऊ, दिल्ली और बनारस जैसे महानगरों वाले स्टेशन की सुविधा मिलेगी। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार प्रतापगढ़, बनारस और लखनऊ रेल मार्ग को दोहरीकरण और विद्युतीकरण करने का मकसद ही हाई स्पीड वाली वीआईपी ट्रेनों का संचालन करना है। इसी कड़ी में ट्रैक का नवीनीकरण भी होना शामिल है। क्योंकि पुराने ट्रैक की स्पीड अभी फिलहाल 110 की है। जबकि राजधानी और दुरंतो जैसी ट्रेनों की गति 120,140 होती है। इनके लिए यह ट्रैक मुनासिब नहीं हैं। इसलिए ट्रैक में बदलाव करने की जरुरत हैं। जिसको ध्यान में रखकर रेलवे ने नवीनीकरण शुरू कर दिया है। जिसमें प्रतापगढ़ से बनारस रेल मार्ग के बीच में ट्रैक बदलने का काम बुधवार को किया गया। इंजीनियरिंग के अधिकारी बताते है कि 260 किलो वजन की रेल डाली जा रही है। जो पहले की अपेक्षा मजबूत और टिकाऊ है। इस पर राजधानी एक्सप्रेस की दौड़ाया जा सकेगा। इसके बाद तेज गति की अन्य ट्रेनें भी चलाई जायेगी।

### रोस्टर हुआ धड़ाम बिजली हुई बेलगाम

परियावां, प्रतापगढ़। विद्युत उपकेंद्र 33/11 कालाकांकर से जुड़े आलापुर, वाजिदपुर व कालाकांकर से जुड़े क्षेत्रो में इन दिनों बिजली के रोस्टर का कोई अता पता नही है जब मर्जी आये बिजली आ जाती है जब मर्जी आये चली जाती है। जब कि इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप चल रहा है जिसमे बच्चे व बुजुर्ग ज्यादा व्याकुल हो रहे है। आपूर्ति आने के बाद कुंडा फीडर से आधा घण्टा से लेकर एक घण्टे तक रह रहकर कटौती की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की कटौती को लेकर हाहाकार मचा हुआ हैं।

## सीएचसी में चोरी की घटना का हुआ पदार्फाश, दो बाइकों के साथ आरोपी चढे.हत्थे

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी तथा नगर के सीएचसी मे हुई चोरी की घटना के खुलासे को लेकर दोहरी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बाइकर्स गैंग से दो चोरी हुई बाइकें तथा एक स्मार्ट फोन बरामद किया है। वहीं सीएचसी मे हुई चोरी की घटना मे एचपी मानीटर व ब्लोअर भी बरामद करने मे कामयाबी ली है।

बुधवार को कोतवाली मुख्यालय पर पुलिस की कामयाबी की जानकारी देते हुए सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि कोतवाल कमलेश पाल की अगुवाई मे पुलिस टीम ने नगर की सीएचसी मे बीती पचीस जनवरी की रात चोरी की घटना का खुलासा कर एक आरोपी को सगरा सुंदरपुर से पहाड़पुर जाने वाली रोड पर सुबह सवा चार बजे धर दबोचा। आरोपी इटौरी, सगरा सुंदरपुर निवासी सदानंद यादव के पुत्र सुरेन्द्र यादव को हिरासत मे लिया। पुलिस ने सीसी कैमरे मे आरोपियो की फुटेज के आधार पर पहचान करते हुए सुरेंद्र यादव से पूछताछ की तो घटना मे उसकी संलिप्तता के साथ नोती थाना लालगंज निवासी प्रभाकर यादव के पुत्र सोनू यादव का भी नाम प्रकाश मे आया है। कडाई करने पर सुरेंद्र यादव की निशानदेही पर चोरी की मॉनीटर व ब्लोअर पुलिस ने बरामद कर लिया। आरोपी को पुलिस ने बुधवार की दोपहर जेल भेज दिया। वहीं पुलिस को दूसरी कामयाबी सगरा सुंदरपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज मे परीक्षार्थी की बाइक चोरी के खुलासे मे मिली है। कोतवाल कमलेश पाल की अगुवाई मे पुलिस टीम ने तीन आरोपियो को हिरासत मे लेकर इनके पास से पीड़ित परीक्षार्थी की बाइक के अलावा चोरी गयी एक और बाइक को बरामद किया। पुलिस ने चोरी की घटना मे शामिल इन तीनों आरोपियो को बुधवार की सुबह कलाभदारी ककरहिया मोड़ से दबोचा।

## सीखी गई कलाओं को एक दूसरे तक पहुंचाना जरुरी: प्रो0 मनोज मिश्र

### एमडीपीजी कालेज में रोवर्स रेंजर्स शिविर का हुआ समापन


रोवर्स रेंजर्स शिविर का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राष्ट्र के बहुआयामी निर्माण में रोवर्स-रेंजर्स की भूमिका महत्वपूर्ण है। रोवर्स रेंजर्स के रूप में आपदा से बचाव एवं प्रबंधन के सीखे गए हुनर विपदा के समय न केवल आत्मरक्षा अपितु समाज की सुरक्षा के लिए भी बहुत ही काम आते हैं।

यह बातें एमडीपीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र ने महाविद्यालय में आयोजित रोवर्स-रेंजर्स के समापन शिविर में कहीं। उन्होंने कहा कि यह सीखी गई कलाओं का ज्ञान इन छात्र-छात्राओं को समाज के लोगों को भी कराना चाहिए ताकि वे भी आत्मरक्षा के हुनर एवं आपदा से बचाव की कला प्राप्त कर सकें। रोवर्स रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आज विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हो गया। प्राचार्य ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। आज समापन के दिन छात्र-छात्राओं ने अपने तंबू लगाए। भोजन बनाया और सभी अतिथियों, शिक्षकों व अन्य जरूरतमंदों को भोजन भी कराया। रोवर्स के प्रभारी डॉ रंजीत पटेल ने सभी का स्वागत एवं रेंजर्स की प्रभारी डॉ ऊषा दुबे ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान डॉ ए के श्रीवास्तव, डॉ सुधांशु त्रिपाठी, डॉ अरुण कुमार तिवारी, डॉ शैलेश पांडे, डॉ सी एन पांडे, डॉ राजेंद्र मिश्र, डॉ रमेश चंद्र शुक्ल, डॉ किरण मिश्र, डॉ डीके पांडे, डॉ अमिता मिश्रा, अभिषेक सिंह आदि ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया।

### दस में तैयार चौबीस का भाव

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एक व्यापारी की मानें तो एक किलो खली लगभग दस रुपए में तैयार हो जाती है जो बाजारों में चैबीस रुपये किलो के भाव से बेची जाती है। कई वर्षों से चल रहे इस खेल में अब तक कितने मवेशी मौत के मुँह में समा गए होगें इसका अंदाजा लगाना कठिन है।अधिक कमाई के चक्कर में मानवता को भी लोग तार-तार कर दिया। उधर खली व्यवसाईयों से जुड़े टीम को प्रशासन चिन्हित करने में जुटा हुआ है। सूत्रों की मानें तो पशुओं के जान के साथ खिलवाड़ करने वालों के साथ गैगेंस्टर की भी कार्रवाई की जा सकती है।

## वृद्धाश्रम व बाल गृह का प्राधिकरण के सचिव ने किया निरीक्षण, साफ-सफाई करने का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़.।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय शंकर पाण्डेय के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नीरज कुमार त्रिपाठी ने चिलबिला स्थित वृद्धा आश्रम एवं शुकुलपुर स्थित बाबा रामउदित सेवा संस्थान द्वारा संचालित शिशु एवं बालगृह का औचक निरीक्षण किया।


वृक्षाश्रम का निरीक्षण करते विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव।

वृद्धाआश्रम के निरीक्षण में उपस्थित वृद्ध व्यक्तियों को उनके अधिकारों सम्बन्धित विधिक जानकारी देते हुये जागरूक किया गया। इस अवसर पर सचिव ने वृद्धा आश्रम में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और आश्रम की साफ-सफाई संतोषजनक न पाये जाने पर प्रबन्धक को कड़ी चेतावनी देते हुये निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दिन परिसर की साफ सफाई एवं रसोईघर हाल में सेनेटाइज कराते हुये फिनायल से पोछा लगवाया जाए। इसी प्रकार सचिव ने शिशु एवं बालगृह के औचक निरीक्षण में शिशु गृह में रखे गये बच्चों को देखा और उनके स्वास्थ्य एवं देखरेख के सम्बन्ध में शिशु गृह की अधीक्षक प्रीती शुक्ला से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सचिव ने निर्देशित किया कि बच्चों की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश दूबे, पैनल अधिवक्ता विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी, महेश नारायण मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## तीसरे दिन पशुपालन विभाग ने खली का नमूना जाँच के लिए भेजा

### तीन दिन पूछताछ के बाद व्यापारी को छोड़ा,पूछताछ में खुलासा दर्जनों मिल चिन्हित

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सोमवार को ऑयल्स मिल पर छापेमारी के दौरान खली का लिया गया नमूना जाँच के लिए पशुपालन विभाग ने भेज दिया। वही पूछताछ में पता चला कि जिप्सम की पेराई क्षेत्र के लगभग दर्जनों मिलो पर की जाती है। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज कैथौला बाजार में जिप्सम मिला कर खली तैयार करके स्थानीय बाजार के अलांवा गैर जनपदो में बेचने की शिकायत लोगों ने उच्चाधिकारियों से की थी।साथ ही स्थानीय कुछ व्यापारियों को चिन्हित भी किया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सोमवार को पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने चिन्हित एक खली व्यवसायी के मिल पर छापेमारी की। मिल पर मौजूद संचालक आशीष व उसके छोटे भाई सतीष को हिरासत में ले लिया।

मिल पर रखी खली का नमूना भी लिया। वही बुधवार को खली का नमूना जाँच के लिए पशुपालन विभाग ने बरेली भेज दिया। पूछताछ के बाद व्यापारी को भी छोड़ दिया गया। सूत्रों कि माने तो तीन दिन में हुई पूछताछ में बात सामने आई कि क्षेत्र में दर्जनों मिलों पर खली में जिप्सम मिलाया जाता है। तेल ऑयल्स मिल पर छापेमारी के दौरान जिप्सम की बोरियां भी भारी मात्रा में रखी हुई थी।पूरे मिल का साक्ष्य के रूप में पुलिस ने वीडियो भी बनाया है। क्षेत्र की चर्चाओ पर गौर करें तो कई वर्षों से यह व्यवसाय हो रहा है।आरोप है कि आज कि स्थित यह है कि क्षेत्र पशुओं के खाद्य पदार्थ में मिलावट के गंदा खेल का हब बन चुका है।फिलहाल मामला कुछ भी हो लेकिन खली में जिप्सम की पेराई की चर्चा क्षेत्र में आम हो गई है।

### चोरी की मोबाइल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना बाघराय के उ0नि0 जगदीश प्रसाद वर्मा मय हमराह के द्वारा थाना क्षेत्र के हीरागंज मोड़ से दो व्यक्तियों को 06 अदद मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामद सभी मोबाइल फोन की जांच की गयी तो ये मोबाइल फोन थाना स्थानीय के मु0अ0सं0-177/21 धारा 380 भादंवि से सम्बन्धित चोरी के पाये गये।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास पर आरोपी के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने किशोरी के साथ छेडछाड तथा जबरन दुष्कर्म के प्रयास मे आरोपी के खिलाफ बुधवार को मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के अगई निवासी रामकृपाल उर्फ नन्हू पुत्र रामसुमेर वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती बारह अप्रैल को वह खेत मे मड़ाई कर रहा था। इस बीच गांव के आरोपी पंचलाल पुत्र मतई उसके घर पहुंचा और उसकी चैदह वषीर्या पुत्री मोहिनी को यह कहकर बाहर ले गया कि खेत मे उसका पिता बुला रहा है। रास्ते मे आरोपी ने किशोरी के साथ छेडछाड करते हुए दुष्कर्म के प्रयास मे उसके कपड़े फाड़ दिये। किशोरी किसी तरह आरोपी के चंगुल से छूटकर शोर मचाने लगी तो आरोपी पीडिता के साथ मारपीट करते हुए उसे गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगा। घटना के बाद पीड़िता घर पहुंची और सुबकते हुए मां से आपबीती सुनाई। इसके बाद वह पिता और मां के साथ बुधवार को कोतवाली पहुंची। यहां तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पंचलाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। वहीं महिला पुलिस की अभिरक्षा मे पीड़िता किशोरी का पुलिस ने मेडिकल परीक्षण करवाया। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, आरोपी को हिरासत मे लेकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पापकार्न मेकिंग मशीन हेतु करे आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ द्वारा संचालित पापकार्न मेकिंग मशीन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में पापकार्न मेकिंग मशीन निःशुल्क वितरण हेतु पापकार्न बनाने वाले भूर्जी समाज के कारीगर एवं इस उद्योग में रूचि रखने वाले कारीगर व्यक्ति 30 अप्रैल 2022 तक आवेदन कर सकतें है उन्होंने बताया है कि इच्छुक व्यक्ति कारीगर अधिक जानकारी हेतु उनके कार्यालय जिला ग्रामोद्योग विकास भवन मंझनपुर में सम्पर्क कर सकते हैं तथा आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निशुल्क प्राप्त कर आवश्यक प्रपत्रों सहित कार्यालय में जमा कर सकते हैं

### शराब के साथ अभियुक्त किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना महेवघाट पुलिस द्वारा अभियुक्त नान भइया पुत्र मन्ना निवासी घोधपुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया हैं।

# कर-करेत्तर एवं आईजीआरएस की डीएम ने की समीक्षा

## आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश, बैठक में गायब रहने पर मंडी समिति सचिव के विरुद्ध डीएम ने लिखा पत्र

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्राट उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं आई0जी0आर0एस0 की प्रगति की समीक्षा की गयी।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से कार्यालय आने के निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय कार्यों का समयबद्ध निस्तारण एवं आम-जन की समस्याओं को सुनकर निस्तारित किया जाय। उन्होंने आईजीआरएस के तहत प्राप्त शिकायतों की समीक्षा के दौरान शिकायतों का निस्तारण लम्बित पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत एवं गुणवत्तापूर्ण के निर्देश देते हुए कहा कि निस्तारण गुणवत्तापूर्ण न पाये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि आदि कार्यवाही की जायेंगी।

जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर की समीक्षा के दौरान सहायक आयुक्त वाणिज्यकर एवं एआरटीओ सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्टॉम्प एवं रजिस्टेशन, आबकारी, खनन, नगर निकाय एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को लक्ष्य



उपस्थित लोगों को निर्देशित करते जिलाधिकारी

के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में सचिव, मण्डी के न आने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित करने एवं प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को आर0सी0 की वसूली सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी जयचन्द्र पाण्डेय, सभी उप जिलाधिकारी गण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहें।

### एसपी ने साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा द्वारा द्वारा साइबर अपराध से जिले के लोगो को जागरुक रहने के लिए अपील की है कृपया निम्न बातों का ध्यान हमेशा रखें। फोन कॉल पर किसी को अपनी निजी जानकारी जिसमें बैंक खाता, कार्ड नम्बर सीवीवी ओटीपी आदि न दें अनजान लिंक पर क्लिक न करे केवाईसी के लिए एसएमएस पर ध्यान न दें और न ही एसएमएस में दिये गये मोबाइल नंबर पर कॉल करें रिमोट एक्सेस ऐप आदि न तो प्ले स्टोर एप स्टोर या लिंक के माध्यम से डाउनलोड न करें ओएलएक्स पर खरीदारी व सामान बेचते समय क्यूआर कोड व लिंक को ध्यान से चैक करें, सामान प्राप्ति से पहले भुगतान न करें व्हाटऐप्स टेलीग्राम या अन्य वीडियो कॉल पर अनजान व्यक्ति से बात न करें अन्यथा धोखा हो सकता है लॉटरी जॉब इन्श्योरेन्स आदि के नाम पर किसी बैंक खाता में रुपया जमा न करें ऑनलाइन कस्टमर केयर गूगल पर सर्च न करके सम्बन्धित की वेबसाइट पर ही सर्च करें रिश्तेदार परिचित बनकर कॉल आने पर या रूपया भेजने के नाम पर अपने बैंक खाता की जानकारी या क्यूआर कोड स्कैन न करें एटीएम मशीन पर रुपयों की निकासी के वक्त किसी अनजान की मदद न लें, गार्ड वाले एटीएम मशीन का ही इस्तेमाल करें।

## न्यूज झरोखा

### महिलाओ छात्राओ से बात कर महिला थानेदार ने दिया सुरक्षा का आश्वासन



**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति योजना के तहत महिलाओं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से महिला थानेदार ने मंझनपुर में जागरूकता कार्यक्रम चलाया है इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को सशक्तिकरण किए जाने के संबंध में जानकारी दी गई है एंव पम्पलेट का वितरण किया गया। नारी सुरक्षा नारी सम्मान नारी स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत प्रभारी महिला थानेदार द्वारा विभिन्न स्थानों पर छात्राओ महिलाओ को जागरूक किया गया इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस द्वारा छात्राओ बालिकाओ को सुरक्षा एंव सम्मान के लिए जारी किए गए विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो 112 1090 1076 1073 की जानकारी दी गई महिला जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओ छात्राओ को टेम्पलेट वितरित किया

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 14 मई को

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जज अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय में 14 मई 2022 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा जिसमें मोटर दुर्घटना दावा याचिकाओं, पारिवारिक वाद, बैंक वसूली, विद्युत के मामले, श्रम सम्बन्धी, लेबर सम्बन्धी, जमीन सम्बन्धी, चालानी व अन्य प्रकार से सम्बन्धित शमनीय वादों का निस्तारण किया जायेगा।

### अभियुक्त को दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** करारी थाना पुलिस द्वारा अभियुक्त पितई पुत्र दुलारे निवासी थामा अलावलपुर को न्यायालय एडीजे एफटीसी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से दो वर्ष सश्रम कारावास तथा 10 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया अर्थ दण्ड न देने पर 08 माह अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी गयी।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 17 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से 02 थाना करारी से 01 थाना महेवाघाट से 01 थाना सराय अकिल से 05 थाना पिपरी से 03 थाना कोखराज से 01 थाना सैनी से 01 थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 03 कुल 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया हैं।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 74 वाहनों का ई चालान किया गया।

# छात्रों का शत-प्रतिशत नामांकन कराने के लिए सभी शिक्षक करें टीम वर्क : डायट प्राचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** बुधवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर के ऑडिटोरियम हॉल में निपुण भारत फेज टू की मासिक समीक्षा बैठक उप शिक्षा निदेशक डायट प्राचार्य अनिल कुमार की अध्यक्षता में आहूत की गई। प्राचार्य द्वारा स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए एस0एम0सी0मीटिंग, पी0टी0ए0 मीटिंग,शिक्षक संकुल मीटिंग पर फोकस करने,साथ ही साथ स्कूल में शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन हेतु प्रत्येक ए0आर0पी0,एस0आर0जी0, डायट मेंटर, समस्त ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी( बी0ई0ओ0 )एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा एक एक विद्यालय गोद लेकर वहां शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने का निर्देश दिया गया तथा विद्यालयों में



बैठक में उपस्थित शिक्षक और शिक्षिकाएं

उपचारात्मक शिक्षण पर विशेष बल दिया। डायट में डीएलएड कर रहे प्रत्येक प्रशिक्षु को एक प्रशिक्षु,एक नामांकन योजना के तहत प्रत्येक बेसिक विद्यालयों में कम से कम एक नामांकन करवाने हेतु अभिभावकों को प्रेरित करने की जिम्मेदारी सौंपी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह ने कहा कि शिक्षक निर्धारित समय तक विद्यालय में रहकर अपना शत प्रतिशत योगदान देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी से करें।शासन द्वारा चलाए जा रहे स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने के लिए सभी मेंटर्स, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। कॉन्वेंट विद्यालय की तरह सरकारी स्कूलों में शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करने पर बल दिया। इस बैठक में वरिष्ठ प्रवक्तागण विपुल शिवसागर, भारती त्रिपाठी, रिफत मलिक व डायट मेंटर डॉ0 संदीप तिवारी,डॉ0 श्वेता कुमारी, डॉ0अनामिका सिंह, विवेक श्रीवास्तव, शबनम सिद्दीकी, विपिन कुमार,राजेंद्र भारतीय, धीरज कुमार, डॉ0 देवेश सिंह,डॉ0 देवेंद्र कुमार मिश्र,डॉ वंदना सिंह, नितीश कुमार यादव,सुरेश चंद्र मिश्रा, नरेंद्र कुमार, डॉ अरमा देवी,कौशलेंद्र मिश्र, शबीह मुस्तफा, जितेंद्र तिवारी सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे।

# जिम्मेदारों की निष्क्रियता से ओवरलोड वाहनों पर नहीं लग रहा लगाम!

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** ओवर लोड वाहनों पर लगाम नहीं लग पा रही है ऐसे वाहन चलते-चलते पलट भी जाते हैं कुछ दिन पहले देवीगंज बाजार में ओवरलोड डस्ट लगा हुआ ट्रक पलट गया था जिसमें कई लोग काल कवलित हो गए थे कौशांबी जिले में ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने के लिए परिवहन विभाग और प्रशासन तमाम प्रयास कर रहा है चालान काटे जा रहे हैं जुमार्ना ,वाहनों को सीज करना आदि इसके बाद भी कुछ वाहन चालक मानने को तैयार नहीं ओवरलोड वाहन जिले की अधिकतर सड़कों पर फुल रफ्तार में दौड़ते हैं जिससे हादसा होने की प्रबल संभावना रहती है जिले में प्रतिदिन दो से तीन सड़क हादसे हो रहे हैं अधिकतर हादसों के पीछे मुख्य कारण तेज रफ्तार का कहर हैं बहुत से लोगों की मौत सड़क हादसे में हो चुकी है अधिकतर हादसे ओवरलोड वाहनों की वजह से होते हैं। ऐसा ही एक ओवरलोड वाहन नगर पंचायत अझुवा के भोला चौराहे के पास गुजर रहा है सांखा मार्ग से आते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग में चढ़ने का प्रयास कर रहा है जिसके वीडियो देखने से साफ महसूस होता है कि हादसे के कौन-कौन जिम्मेदार हो सकते हैं मार्ग के दोनों तरफ रेहड़ी दुकानदार ,बड़ी मात्रा में लोगों का आना जाना है वही लोगों के आरोप पर जाएं तो यह प्रतिदिन की दिनचर्या हो गई है इस तरह के ओवर लोड वाहनों को जिम्मेदार धड़ल्ले से पार करवा रहे हैं।इस मार्ग से प्रतिदिन तमाम ओवरलोड वाहन निकलते हैं जिसका प्रशासन संज्ञान नहीं ले रहा है ऐसे ओवरलोड वाहनों से इतने तंग गलियों से निकलने से बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। नगर वासियों ने जिम्मेदारों से ओवरलोड वाहनों से छुटकारा दिलाने की मांग की है।

## 10 दिन बीते महिला पर हमले के आरोपी नहीं हुए गिरफ्तार

**कौशांबी।** यमुना तराई क्षेत्र के कटैया गांव में 3 अप्रैल को महिला रोशनी देवी पत्नी जावेद अहमद पर कुछ गुंडों ने हमला किया था जिससे महिला को चोटे आई थी बीच बचाव करने पहुंची महिला की देवरानी और बच्चों को भी पीटा गया था खुलेआम गांव के बीच घर के भीतर घुस कर दबंगों ने हमला किया था मामले की सूचना पीड़ित परिजनों ने थाना पुलिस को दिया था 5 दिन बाद पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी लेकिन फिर भी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं हो सकी जिससे पीड़ित परिजन आज फिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे हैं और शिकायती पत्र देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है परिजनों ने बताया कि आरोपी बालू माफिया हैं और इलाके में उनका आतंक है जिससे स्थानीय पुलिस उनका बचाव कर रही है।

# बेटे का हत्यारा पिता गिरफ्तार

## 12 घंटे के अंदर हत्यारे पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपी पिता ने कबूला गुनाह

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के ग्राम कटहुला गौसपुर में 12 अप्रैल को एक पिता ने अपने बेटे की हत्या कर दिया था और पत्नी पर प्राणघातक हमला कर उन्हें मरणासन्न कर दिया था मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हत्यारे पिता की तलाश शुरू के 12 घंटे के भीतर पुलिस ने हत्यारे पिता को गिरफ्तार कर लिया है मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक ने किया है। घटनाक्रम के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के गौसपुर कटौहला गांव निवासी संदीप पासी पुत्र छेदी लाल पासी पर फावड़े से प्रहार कर हत्या उसके पिता छेदी लाल पुत्र स्व० दक्खिनी पासी द्वारा 12 अप्रैल को कर दिया थी तथा अपनी पत्नी शकुनतारा को गम्भीर



पुलिस हिरासत में बेटे का हत्यारा

रूप से फावड़े से मारकर घायल कर दिया गया था पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त छेदी लाल पासी पुत्र स्व0 दक्खिनी पासी निवासी कटहुला गौसपुर थाना पिपरी को 12 अप्रैल 2022 की रात्रि कटहुला मोड़ से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## 21 अप्रैल को मनाई जाएगी मलूक दास जयंती

**कौशांबी।** कड़ा धाम क्षेत्र में संत मलूक दास के आश्रम में 21 अप्रैल को संत मलूक दास की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई जाएगी संत की जयंती मनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं आश्रम के संचालक शिवाकांत पांडेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत मलूक दास की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे और इस मौके पर संत मलूक दास संस्थान दिल्ली के सदस्य भी जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे मलूक दास संस्थान दिल्ली के पदाधिकारी सतीश शर्मा जयंती कार्यक्रम की व्यवस्था को संभालने के लिए अपने अन्य पदाधिकारियों के साथ मलूक दास आश्रम कड़ा धाम पहुंच चुके है।

# अप्रेनटीशिप मेले का 21 अप्रैल को होगा आयोजन

## वरिष्ठ महामन्त्री रमेश अग्रहरि ने सरकार के इस पहल की सराहना करते हुए कहा की रोजगार के अवसर के आयोजित मेला से जनपद के नवयुवकों को रोजगार के साथ भविष्य भी उज्ज्वल होगा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिराथू कौशांबी मे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रोजगार का अवसर प्रदान करने के लिए अप्रेनटीशिप मेला का आयोजन दिनांक 21 अप्रैल को प्रस्तावित है। उक्त प्रस्तावित मेले मे सफल संचालन हेतु एक जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है जिसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के वरिष्ट प्रांतीय महामंत्री एवं कौशाम्बी उद्योग मंच के अध्यक्ष रमेश अग्रहरि को शामिल किया गया है। उक्त प्रस्तावित मेले के सफल आयोजन हेतु आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सिराथू के प्रबंधक कृष्ण कुमार राम रमेश होंडा शोरूम मंझनपुर कौशांबी मे मैनेजिंग डाइरेक्टर रमेश अग्रहरि से मिलकर लेटर दिया साथ में शोरूम में बैठक



प्रस्तावित रोजगार मेले की तैयारी की चर्चा

आयोजित कर इसकी जानकारी दिया वरिष्ठ महामन्त्री ने सरकार के इस पहल की सराहना करते हुए कहा की रोजगार के अवसर के आयोजित मेला से जनपद के नवयुवकों को रोजगार के साथ भविष्य भी उज्ज्वल होगा अधिक से अधिक नवयुवक इस मेले में प्रतिभाग करे बैठक में शोरूम डाइरेक्टर सौरव अग्रहरि गौरव अग्रहरि कौशल विकास के जिला प्रबंधक दीपक मौर्य अभिषेक प्रताप सिंह शोरूम मैनेजर विकास अग्रहरि अंकुर चतुवेर्दी राजकरन लालता आदि लोग मौजूद रहे।

### दलित की जमीन पर दबंगो ने लहराए असलहे, दी जाति सूचक गाली

**कौशाम्बी।** सरकार लगातार दलित, शोषित, वंचितों को लेकर संजीदा है किसी भी प्रकार उनके साथ किसी भी तरह की ज्यादती न हो उसको लेकर आए दिन निर्देश जारी कर रही है तो वहीं कौशाम्बी के थाना कोखराज निवासी संतलाल लगातार उच्चाधिकारियों से अपनी जमीन बचाने को लेकर गुहार लगा रहा है। जिस जमीन की 36 वर्ष पहले संतलाल ने रजिस्ट्री कराई थी उसमें दीवाल भी बनी है मगर की जब वह छत डलवाने जा रहा था तो दबंगो ने असलहे के दम पर मजदूर सहित खदेड़ दिया। मालूम हो दलित संतलाल ने 36 वर्ष पहले गांव के ही रामआसरे पुत्र स्व0 तेजी से ठल्क्क-2 पर गाटा संख्या 1142 में से साढ़े पांच बिस्वा जमीन रजिस्ट्री कराई थी। उसी के बाद संतलाल ने उसमें कब्जे के लिये मकान भी बनवाया मगर पैसों की तंगी कर चलते छत नही डलवा सका। जब संतलाल की आर्थिक स्थिति अच्छी हुई तो मजदूरों को लेकर छत डलवा रहा था तभी दबंगों ने साथियों संग असलहे के दम पर गाली देते हुए काम रुकवा दिया। दोबारा काम शुरू करने व दबंग के खिलाफ तहरीर लेकर संतलाल अधिकारियों की चौखट पर नाक रगड़ रहा है।

### घर के सामने से चोरों ने पार किया मोटरसाइकिल

**कौशाम्बी।** थाना क्षेत्र कौशाम्बी के ग्राम-हिसामबाद निवासी राजेश मिश्रा अपनी बाइक नंबर वढ73 ढ 9620 प्लेटिना 100उउ काली रंग की बीती रात जोगापुर में भंडारी पाल के घर के सामने खड़ी करके खेत मे गेहूं कतरवाने चले गए अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल को पार कर दिया है जिसकी तहरीर बुधवार को राजेश मिश्रा ने पुलिस थाना कौशाम्बी में देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है एक बात तय है ग्राम पंचायत कोसम खिराज क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय हैं और आय दिन कोई न कोई लूट व चोरी से संबंधित घटनाएं होती रहतीं हैं।जिससे ग्रामीण दहशत के साए में जीवन व्यतीत कर रहें हैं।

## डिप्टी सीएम के हाथों से विभाग क्या गया पीडब्ल्यूडी मनमानी पर उतारू हो गया

**कौशाम्बी।** जैसे ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का विभाग बदला वैसे ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारी मनमानी पर उतारू हो गए हैं। कहीं बिना बनाये रोड का पैसा निकल गया तो कहीं आधा-अधूरा काम करके छोड़ दिया गया है।तो कहीं बिना टेंडर के ही सड़क बन गई। तो कहीं आधा अधूरा काम कर छोड़ दिया गया। आधे-अधूरे काम से लोगों को दिक्कतें आ रही वो अलग से लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के बला से किसी को क्या परेशानी हो रही है उससे कोई लेना देना नही है। ऐसा ही एक मामला सैनी ग्राम सभा के मुराईंन के पुरवा का है जहाँ विभाग द्वारा सड़क का निर्माण होना था विभाग द्वारा सड़क का निर्माण तो शुरू कर दिया गया लेकिन बड़े बड़े सफेद गिट्टी रास्ते मे बिछाकर विभाग कुम्भकर्णी नींद में सो गया फिर भला ग्रामीणों को जो परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है ये तो वही जाने। हालांकि इसकी शिकायत लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्चाधिकारियों से की। लेकिन सोते हुए को जगाया जा सकता है लेकिन जो सोने की केवल एक्टिंग करता हो उसे जगाना मुश्किल होता है। यही हाल आजकल पीडब्ल्यूडी विभाग का है भ्रस्टाचार जड़ों तक फैला है।

# बालिकाओं को रोजगार शिक्षा से जोड़ने की है जरूरत : अंजना मिश्रा

## महिलाओं बालिकाओं को रोजगार से जोड़ना वर्तमान परिस्थिति की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत सभागार में महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान के तत्वाधान में मिशन शक्ति योजना के तहत महिलाओं बालिकाओं के उत्थान के लिए एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रवेशन अधिकारी राजनाथ राम ने की है इस मौके पर महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान की राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजना मिश्रा ने कहा कि देश में महिलाओं बालिकाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा तमाम योजनाएं संचालित किए जाने का दावा किया जा रहा है लेकिन हकीकत यह है कि गांव क्षेत्र की गरीब कमजोर महिलाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है जिससे उनके सामने आर्थिक दिक्कतें हमेशा उत्पन्न रहती हैं उन्होंने कहा कि महिलाओं बालिकाओं को रोजगार से जोड़ना वर्तमान परिस्थिति की मांग है और सरकार महिलाओं के समूह निजी एनजीओ को रोजगार उपलब्ध कराएं।



कार्यक्रम में मंचासीन महिलाएं

इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं बालिकाओं पर अत्याचार अपराध रहे हैं और थाने जाने के बाद उन्हें न्याय नहीं मिल पाता है महिलाओं के साथ बढ़े अपराध के बाद न्याय ना मिलना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहा है उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकार के लिए सरकार भी हमेशा महिलाओं के साथ खड़ी है लेकिन अधिकारियों से न्याय न मिलने पर महिलाओं के अधिकार के लिए संघर्ष किया जाएगा। इस मौके पर आंगनवाड़ी संघ की अध्यक्ष माया सिंह ने कहा कि बालिकाओं को शिक्षित करने की जरूरत है उन्होंने कहा कि जब बालिकाएं शिक्षित और जागरूक होंगी तो वह हर संघर्ष पर सफलता हासिल करेंगी उन्होंने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहिए तभी समाज का संतुलन बना रहता है। कार्यक्रम में सीओ मंझनपुर कृष्ण गोपाल आंगनबाड़ी जिला मंत्री सुषमा सिंह सुनीता देवी आंगनबाड़ी प्रार्थना त्रिपाठी प्रियंका सिंह रिचा पांडेय जय लता त्रिपाठी अधिवक्ता प्रीति अंजू प्रोबेशन कार्यालय से उमा कुलदीप एचएफ गर्ल्स का कैडेड एवं महिला उत्थान की समस्त महिलाओं ने कार्यक्रम में भाग लिया कार्यक्रम महिला उत्थान एवं जागृति संस्थान के तत्वावधान में मिशन शक्ति के तहत जनपद स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत परिसर में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया कार्यक्रम में जनपद की सैकड़ो महिलाओं ने बालिकाओं महिलाओं के उत्थान रोजगार शिक्षा और उनकी सुरक्षा के लिए अपने अपने विचार प्रकट किए।

संपादकीय

# सामाजिक न्याय के नैतिक प्रश्न और अम्बेडकर

**आज** जब भारतीय जनता पार्टी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में सामाजिक न्याय पखवाड़ा मना रही है, तब मन में विचार आता है कि सामाजिक न्याय के मामले में भारतीय जनमानस की अवधारणा क्या है। इस विषय पर यदि गहरी दृष्टि डाली जाए तो हम तय कर पाएंगे कि भारत को अथवा भारत सरकार को या फिर यहां के जनमानस को सामाजिक न्याय पखवाड़ा मनाने का नैतिक अधिकार है भी या नहीं। इसकी वास्तविकता जानने के लिए हमें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और उनके अभिन्न मित्र रहे जोगेंद्र नाथ मंडल के जीवन प्रसंग से जुड़े पहलुओं को बारीकी से देखना होगा। बहुत कम लोग जानते हैं कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और जोगेंद्र नाथ मंडल के बीच विचारों का सामंजस्य काफी गहरे तक स्थापित था। उदाहरण के लिए- यह दोनों नेता ऐसा मानते रहे कि दलितों का भला तभी हो सकता है जब अंग्रेजों और कांग्रेस को इनके मामलों में दखलअंदाजी करने से वर्जित कर दिया जाए। शायद यही वजह रही कि वर्ष 1940 में अनुसूचित जाति संघ की स्थापना अविभाजित बंगाल में हुई, तब उसके संस्थापक अंबेडकर और मंडल ही बने।

इस घटना के बाद से इन दोनों नेताओं के जीवन प्रसंगों में इतने नाटकीय मोड़ आए, जिनसे यह साबित हो गया कि सामाजिक न्याय के मामले में भारतीय जनमानस बेहद स्पष्ट और सकारात्मक सोच रखता है। आगे देखें- जब देश का विभाजन हुआ तब जोगेंद्र नाथ मंडल को लगा कि कांग्रेस शासित भारत में दलितों का शायद ही भला हो पाए। इसी सोच के चलते उन्होंने दलितों को इस्लाम आधारित पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा किया और उन्हें भारी लाव-लश्कर के साथ उस ओर ले जाने में सफल रहे। यहां तक कि उन्हीं की कार्यप्रणाली के चलते बंगाल क्षेत्र का बहुत बड़ा भूभाग हिंदू बाहुल्य होते हुए भी दलितों के साथ पाकिस्तान के हिस्से में चला गया। चूंकि जोगेंद्र नाथ मंडल मुस्लिम लीग के संस्थापक और पाकिस्तान के कायदे आजम मोहम्मद अली जिन्ना के काफी करीबी थे। इसलिए वे पाकिस्तान सरकार में कानून मंत्री भी बने। यही नहीं, उन्होंने पाकिस्तान के संविधान रचना में भी निर्णायक भूमिका निभाई। लेकिन जल्दी ही उन्हें यह एहसास हो गया कि पाकिस्तान में तो सामाजिक न्याय की अवधारणा सिरे से गायब है। अल्पसंख्यक हिंदुओं से दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाना वहां की सरकार और जन सामान्य के व्यवहार में शामिल है। उन्होंने देखा कि जिन दलितों को वे शेष हिंदू समाज के खिलाफ भड़का कर पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा करने में कामयाब हुए थे, उनका भी पाकिस्तान में बुरा हाल है। मोहम्मद अली जिन्ना के बेहद नजदीक होने के बावजूद और सरकार में काबीना मंत्री रहते हुए भी मंडल उनकी हिफाजत नहीं कर पाए। अंततः उन्होंने वर्ष 1950 में पाकिस्तान सरकार को मंत्री पद से अपना इस्तीफा सौंप दिया और हमेशा के लिए भारत लौट आए। आपको बता दें कि उन्होंने अपनी जिंदगी के अंतिम 18 वर्ष भारत के पश्चिम बंगाल में गुजारे और अंततः यह माना कि सामाजिक न्याय की अवधारणा भारतीय जनमानस की रगों में रक्त बनकर दौड़ रही है। अब हमें सामाजिक न्याय के प्रति भारतीय प्रतिबद्धता की तस्वीर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के जीवन प्रसंगों में भी देखनी होगी।

# आज भी प्रासंगिक हैं बाबा साहेब के विचार

-डॉ. सौरभ मालवीय

हले भीमराव का उपनाम सकपाल था, लेकिन उनके पिता ने अपने मूल गांव अंबाडवे के नाम पर उनका उपनाम अंबावडेकर लिखवाया, जो आगे चलकर आम्बेडकर हो गया। पिता की सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका परिवार महाराष्ट्र के सतारा में चला गया। उनकी मां की मृत्यु के पश्चात उनके पिता ने दूसरा विवाह कर लिया और बंबई में जाकर बस गए

**सामाजिक** समता एवं सामाजिक न्याय के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले डॉ. भीमराव आम्बेडकर के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पहले थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन ऊंच-नीच, भेदभाव एवं अस्पृश्यता के उन्मूलन के कार्यों के लिए समर्पित कर दिया। वह कहते थे- न्याय हमेशा समानता के विचार को पैदा करता है। संविधान, यह एक मात्र वकीलों का दस्तावेज नहीं, यह जीवन का एक माध्यम है। अपने विचारों और कृत्तव के कारण वह दलितों के मसीहा बन गए। उन्हें बाबा साहेब के नाम से भी जाना जाता है। मध्य प्रदेश के महू में 14 अप्रैल, 1891 को जन्मे भीमराव आम्बेडकर रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की चौदहवीं संतान थे। वह हिंदू महार जाति से संबंध रखते थे, जो अछूत कहे जाते थे। इसके कारण उनके साथ भेदभाव किया जाता था। उनके पिता भारतीय सेना में सेवारत थे। पहले भीमराव का उपनाम सकपाल था, लेकिन उनके पिता ने अपने मूल गांव अंबाडवे के नाम पर उनका उपनाम अंबावडेकर लिखवाया, जो आगे चलकर आम्बेडकर हो गया। पिता की सेवानिवृत्ति के पश्चात उनका परिवार महाराष्ट्र के सतारा में चला गया। उनकी मां की मृत्यु के पश्चात उनके पिता ने दूसरा विवाह कर लिया और बंबई में जाकर बस गए। यहीं उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। वर्ष 1906 में मात्र 15 वर्ष की आयु में उनका विवाह नौ वर्षीय रमाबाई से कर दिया गया। वर्ष 1908 में उन्होंने बारहवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय की शिक्षा पूर्ण करने के पश्चात उन्होंने बॉम्बे के एल्फिनस्टोन कॉलेज में दाखिला लिया। उन्हें गायकवाड़ के राजा सहयाजी से 25 रुपये मासिक की छात्रवृत्ति मिलने लगी थी। वर्ष 1912 में उन्होंने राजनीति विज्ञान व अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की उपाधि ली। इसके पश्चात उच्च शिक्षा के लिए वह अमेरिका चले गए। वर्ष 1916 में उन्हें उनके एक शोध के लिए पीएचडी से सम्मानित किया गया। इसके पश्चात वह लंदन चले गए, किन्तु उन्हें बीच में ही लौटना पड़ा। आजीविका के लिए इस समयावधि में उन्होंने कई कार्य किए। वह मुंबई के सिडनेम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनोमिक्स में राजनीतिक अर्थव्यवस्था के प्राध्यापक भी रहे। इसके पश्चात एक बार फिर वह इंग्लैंड चले गए। वर्ष 1923 में उन्होंने अपना शोध ह्लरुपये की समस्याएंह्ल पूरा कर लिया। उन्हें लंदन विश्वविद्यालय द्वारा ह्लडॉक्टर ऑफ साईंसह्ल की उपाधि प्रदान की गई। उन्हें



ब्रिटिश बार में बैरिस्टर के रूप में प्रवेश मिल गया। स्वदेश वापस लौटते हुए भीमराव आम्बेडकर तीन महीने जर्मनी में रुके और बॉन विश्वविद्यालय में उन्होंने अपना अर्थशास्त्र का अध्ययन जारी रखा। उन्हें 8 जून, 1927 कोलंबिया विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी प्रदान की गई। भीमराव आम्बेडकर को बचपन से ही अस्पृश्यता से जूझना पड़ा। विद्यालय से लेकर नौकरी करने तक उनके साथ भेदभाव किया जाता रहा। इस भेदभाव और निरादर ने उनके मन को बहुत ठेस पहुंचाई। उन्होंने अस्पृश्यता के समूल नाश के लिए कार्य करने का प्रण लिया। उन्होंने कहा कि नीची जाति व जनजाति एवं दलित के लिए देश में एक भिन्न चुनाव प्रणाली होनी चाहिए। उन्होंने देशभर में घूम-घूम कर दलितों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई और लोगों को जागरूक करने का कार्य किया। उन्होंने वर्ष 1936 में स्वतंत्र मजदूर पार्टी की स्थापना की। अगले वर्ष 1937 के केन्द्रीय विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी ने 15 सीटों पर विजय प्राप्त की। उन्होंने इस दल को ऑल इंडिया शिड्यूल कास्ट पार्टी में परिवर्तित कर दिया। वह वर्ष 1946 में संविधान सभा के चुनाव में खड़े हुए, किन्तु उन्हें असफलता मिली। वह रक्षा सलाहकार समिति और वाइसराय की कार्यकारी परिषद के लिए श्रम मंत्री के रूप में सेवारत रहे। वह देश के पहले कानून मंत्री बने। उन्हें संविधान गठन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। भीमराव आम्बेडकर समानता पर विशेष बल देते थे। वह कहते थे- अगर देश की अलग-अलग जातियां एक दूसरे से अपनी लड़ाई समाप्त नहीं करेंगी, तो देश एकजुट कभी नहीं हो सकता। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्म-शास्त्रों की संप्रभुता का अंत होना चाहिए। हमारे पास यह आजादी इसलिए है ताकि हम उन चीजों को सुधार सकें, जो सामाजिक व्यवस्था, असमानता, भेदभाव और अन्य चीजों से भरी है जो हमारे मौलिक अधिकारों के विरोधी हैं। एक सफल क्रांति के लिए केवल असंतोष का होना ही काफी नहीं है अपितु इसके लिए न्याय, राजनीतिक और सामाजिक अधिकारों में गहरी आस्था का होना भी बहुत आवश्यक है। राजनीतिक अत्याचार सामाजिक अत्याचार की तुलना में कुछ भी नहीं है और जो सुधारक समाज की अवज्ञा करता है, वह सरकार की अवज्ञा करने वाले राजनीतिज्ञ से ज्यादा साहसी हैं। जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता हासिल नहीं कर लेते तब तक आपको कानून चाहे जो भी स्वतंत्रता देता है वह आपके किसी काम की नहीं। यदि हम एक संयुक्त एकीकृत आधुनिक भारत चाहते हैं तो सभी धर्म-शास्त्रों की संप्रभुता का अंत होना चाहिए। वह कहते थे- मैं एक ऐसे धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता, समानता और भाईचारा सिखाये। वर्ष 1950 में वह एक बौद्धिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए श्रीलंका गए, जहां वह बौद्ध धर्म से अत्यधिक प्रभावित हुए। स्वदेश वापसी पर उन्होंने बौद्ध व उनके धर्म के बारे में पुस्तक लिखी। उन्होंने बौद्ध धर्म ग्रहण कर लिया। उन्होंने वर्ष 1955 में भारतीय बौध्या महासभा की स्थापना की। उन्होंने 14 अक्टूबर, 1956 को एक आम सभा का आयोजन किया, जिसमें उनके पांच लाख समर्थकों ने बौद्ध धर्म अपनाया। इसके कुछ समय पश्चात 6 दिसम्बर, 1956 को दिल्ली में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बौद्ध धर्म की रीति के अनुसार किया गया। वर्ष 1990 में मरणोपरांत उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। कई भाषाओं के ज्ञाता बाबा साहेब ने अनेक पुस्तकें भी लिखीं। उन्होंने अंग्रेजी में वेटिंग फॉर वीजा नाम से अपनी आत्मकथा लिखी थी। वह लिखते हैं- यह घटना भी आंखें खोलने वाली है। यह घटना काठियावाड़ में एक गांव की अछूत विद्यालय में पढ़ाने वाले शिक्षक की है। मिस्टर गांधी द्वारा प्रकाशित जनरल ह्ययंग इंडियाह्ल में यह घटना एक पत्र के माध्यम से 12 दिसंबर, 1929 को सामने आई। इसमें लेखक ने अपने निजी अनुभव से बताया कि कैसे उसकी पत्नी की जिसने अभी बच्चे को जन्म दिया था, हिंदू चिकित्सक के ठीक से उपचार नहीं करने के कारण मत्यु हो गई। पत्र के अनुसार इस महीने की पांच तिथि को मेरा बच्चा हुआ था और सात तिथि को मेरी पत्नी बीमार हो गई। उसकी नब्ज धीमी हो गई और छाती फूलने लगी। उसको श्वास लेने में कष्ट होने लगा और पसलियों में तेज दर्द होने लगा। मैं एक चिकित्सक को बुलाने गया, लेकिन उसने कहा कि वह एक हरिजन के घर नहीं जाएगा और न ही वह बच्चे को देखने के लिए तैयार हुआ। तब मैं वहां से नगर सेठ और गारिसाय दरबार गया और उनसे मदद की भीख मांगी। नगर सेठ ने आश्वासन दिया कि मैं चिकित्सक को दो रुपये दे दूंगा। तब जाकर चिकित्सक आया, परन्तु उसने इस शर्त पर रोगी को देखा कि वह हरिजन बस्ती के बाहर रोगी को देखेगा। मैं अपनी पत्नी और नन्हे बच्चे को लेकर बस्ती के बाहर आया। तब चिकित्सक ने अपना थमार्मीटर एक मुसलमान को दिया और उसने मुझे दिया और मैंने अपनी पत्नी को। फिर उसी प्रक्रिया में थमार्मीटर वापस किया। यह लगभग रात के आठ बजे की बात है। बत्ती की प्रकाश में थमार्मीटर को देखते हुए चिकित्सक ने कहा कि रोगी को निमोनिया हो गया है। उसके पश्चात चिकित्सक चला गया और दवाइयां भेजीं। मैं हाट से कुछ लिनसीड खरीद कर ले आया और रोगी को लगाया।

# डिजिटल क्रांति के साथ ई-कचरा गंभीर खतरा

सत्यवान 'सौरभ'

भारत चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद ई-कचरे का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। इस कचरे का 95% से अधिक अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा नियंत्रित किया जाता है। ई-कचरे की अभूतपूर्व पीढ़ी डिजिटल क्रांति के लिए चिंता का विषय है। ई-कचरा इलेक्ट्रॉनिक-अपशिष्ट छोड़े गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का वर्णन करने के लिए किया जाता है। इसमें उनके घटक, उपभोग्य वस्तुएं, पुर्जे और पुर्जे शामिल हैं। इसे दो व्यापक श्रेणियों के अंतर्गत 21 प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है जैसे सूचना प्रौद्योगिकी और संचार उपकरण एवं उपभोक्ता इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स। ई-कचरे के प्रबंधन के लिए कानून 2011 से भारत में लागू हैं। ई-कचरा (प्रबंधन) नियम, 2016 2017 में अधिनियमित किया गया था। घरेलू और व्यावसायिक इकाइयों से कचरे को अलग करने, प्रसंस्करण और निपटान के लिए भारत का पहला ई-कचरा क्लिनिक भोपाल, मध्य प्रदेश में स्थापित किया गया है। ई-कचरे की धारा में विविध पदार्थ होते हैं जिनमें सबसे प्रमुख रूप से खतरनाक पदार्थ जैसे सीसा, पीसीबी, पीबीबी पारा, पीबीडीई, ब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स (बीएफआर) शामिल हैं। ई-कचरा जलने पर हानिकारक रसायन छोड़ता है, जो मानव रक्त, गुर्दे और परिधीय तंत्रिका तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जब इसे लैंडफिल में फेंका जाता है, तो रसायन भूजल में रिस जाते हैं, जो भूमि और समुद्री जानवरों दोनों को प्रभावित करते हैं। ई-कचरे के प्रबंधन के लिए कानून 2011 से भारत में लागू हैं। ई-कचरा (प्रबंधन) नियम 2016 -2017 में अधिनियमित किया गया था। उत्पादकों को ई-कचरे के संग्रह और उसके विनिमय के लिए जिम्मेदार बनाया गया है। भारत में 95% ई-कचरे को अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा पुनर्नवीनीकरण किया जाता है और स्क्रैप डीलर इसे अवैज्ञानिक रूप से एसिड में जलाकर या घोलकर इसका निपटान करते हैं। 2018-19 में एकत्र किए गए ई-कचरे की मात्रा 1.54 लाख टन के लक्ष्य के मुकाबले 78,000 टन थी। ई-कचरे में लेड, मरकरी, कैडमियम, क्रोमियम, पॉलीब्रोमिनेटेड बाइफिनाइल और पॉलीब्रोमिनेटेड डिपेनिल जैसे जहरीले तत्व होते हैं। मनुष्यों पर स्वास्थ्य प्रभावों में गंभीर बीमारियां जैसे फेफड़े का कैंसर, श्वसन संबंधी समस्याएं, ब्रोंकाइटिस, मस्तिष्क की क्षति आदि शामिल हैं जो जहरीले धुएं के साँस लेने के कारण, भारी धातुओं के संपर्क में आने और समान रूप से होती हैं। ई-कचरा एक पर्यावरणीय खतरा है जिससे भूजल प्रदूषण, मिट्टी का अम्लीकरण और भूजल का प्रदूषण और प्लास्टिक और अन्य अवशेषों के जलने से वायु प्रदूषण होता है। भारत में ई-कचरे का संरचित प्रबंधन ई-अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 के तहत अनिवार्य है। नियमों की कुछ मुख्य विशेषताओं में ई-अपशिष्ट वर्गीकरण और खतरनाक सामग्री वाले ई-कचरे के आयात पर प्रतिबंध शामिल हैं। भारत में ई-कचरे के 312 अधिकृत पुनर्चक्रणकर्ता हैं, जिनकी सालाना क्षमता लगभग 800 किलो टन है। हालांकि, औपचारिक पुनर्चक्रण क्षमता का कम उपयोग किया जाता है क्योंकि 90% से अधिक ई-कचरा अभी भी अनौपचारिक क्षेत्र द्वारा नियंत्रित किया जाता है। भारत में लगभग दस लाख से अधिक लोग हस्तचालित पुनर्चक्रण कार्यों में शामिल हैं। श्रमिक पंजीकृत नहीं हैं इसलिए श्रमिकों के अधिकार, पारिश्रमिक, सुरक्षा उपायों जैसे रोजगार के मुद्दों को ट्रैक करना कठिन है। मजदूर समाज के कमजोर वर्गों से हैं और उनके पास किसी भी प्रकार की सौदेबाजी की शक्ति नहीं है और वे अपने अधिकारों से अवगत नहीं हैं। इसका पर्यावरण पर गंभीर प्रभाव पड़ता है क्योंकि श्रमिकों या स्थानीय डीलरों द्वारा किसी भी प्रक्रिया का पालन नहीं किया जाता है। स्थानीय स्तर पर पर्यावरण को होने वाले किसी भी नुकसान को रोकने के लिए निरंतर सतर्कता से हॉटस्पॉट क्षेत्र की पहचान करने और जिला प्रशासन के साथ समन्वय करने की आवश्यकता है और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन को कचरे की चुनौतियों से निपटने और कमियों को दूर करने के लिए जोड़ा जाना चाहिए। अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों के साथ जुड़ने की रणनीति के साथ आने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसा करने से न केवल बेहतर ई-कचरा प्रबंधन प्रथाओं में एक लंबा रास्ता तय होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

## अभिव्यक्ति

# राष्ट्रीय,अखंडता एवं एकरूपता देश की अंतर्निहित शक्ति

संजीव ठाकुर

**करीबन** आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवनियों का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि "भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है"।

वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए। हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है। भारत देश में पूर्व में भी अनेक विदेशी जातियां आई और धीरे-धीरे भारत की मूल धारा में समाहित होती गई। भारत में आगमन के साथ इन्हीं जातियों की परंपराएं, विचारधाराएं, संस्कृति, संस्कार भारत की मुख्य धारा में एक रूप हो गई

और भारत की सांप्रदायिक सौहार्द की भावना आज भी वैसी की वैसी ही है। भारत के जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमारी बड़ी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम इस देश की अखंडता एकता समरूपता और परंपरा को मजबूत बनाकर विश्व के सामने एक मिसाल के रूप में पेश करें। यह सार्वभौमिक सत्य है कि कोई देश यदि संगठित एक रूप और शक्तिमान होता है तो सारा विश्व उसकी इस ऊर्जा शक्ति को चिन्हित कर उसका सम्मान करता है। और उस पर आक्रमण या किसी भी तरह के प्रतिबंध लगाने से भयभीत रहता है।

# आइए मिलकर वक्त काटें

रामविलास जांगिड़

**देवयोग से अगर कोई मुजरिम ना आए, तो साथी बाबू को बेवकूफ बनाइए। उससे हंसी ठट्ठा कीजिए। उसको बातों में उलझाइए। फिर उसके माथे चाय चेप दीजिए। उसे ही चाय लाने भेज दीजिए। जैसे ही वह चाय लाने जाए, आप बस निंदा रस में लग जाइए। दो जने मिलकर तीसरे की या तीसरा दूसरे से मिलकर पहले की जमकर निंदा कीजिए। वक्त का एक-एक कतरा नहीं कटे तो फिर मुझे कह दीजिए!**

**वक्त की** एक अपनी समस्या है और यह काटे नहीं कटता है। वक्त काटने के लिए लोग-बाग सरकारी नौकरी करते हैं। वे रात भर घरों में आराम से सोते हैं और दिन में ऑफिस जाकर वक्त को काटते हैं। ये जो सामने इतना लंबा-चौड़ा, मोटा-तगड़ा वक्त आकर खड़ा हो गया है, कमबख्त वह काटे नहीं कटता है। इसका साधारण उपाय यही है कि आप सरकारी नौकर हो जाएं। बस्स! अफसर हो या चपरासी! इससे कुछ फर्क नहीं पड़ता है। वैसे तमाम तरह के अफसर स्वयं एक चपरासी मात्र ही हैं। नेताओं और मंत्रियों के आगे ये धूल फांकते नजर आते हैं। और जितने भी चपरासी हैं, उनके तो क्या कहने! उनसे बड़े अफसर कोई देखे भी नहीं है। फाइल दी तो दी! नहीं दी तो नहीं! बस जमे हैं वहीं स्टूल की छाती पर। काट रहे हैं वक्त को। एक लंबी सी आरी लेकर टुकड़े-टुकड़े कर रहे हैं। वक्त का एक टुकड़ा इधर गिरा। एक टुकड़ा उधर गिरा। सारे टुकड़े बिखर के गिर गिरा गए। वक्त नहीं हुआ कमबख्त किसी का दिल हो गया। हर एक टुकड़े के हजार टुकड़े हुए। बाबू के आगे टेबल लगी है। वह कुर्सी की टेक लगाए टेबल पर पांव फैला कर वक्त को मजे से काट रहा है। वह कुर्सी के झूले में लगातार झूलते हुए समोसा वगैरह भकौस रहा है। मंगा रहा है कुछ और-और। सारे बाबू चाय वगैरह पी रहे हैं। वगैरह वगैरह मंगा-मंगा कर जी रहे हैं। देखते रहिए! वक्त तो क्या! उसका बाप भी कटता हुआ नजर आ रहा है। वैसे तो चाय-समोसा पिलाने-खिलाने के लिए कोई न कोई मुजरिम आ ही जाता है। देवयोग से अगर कोई मुजरिम ना आए, तो साथी बाबू को बेवकूफ बनाइए। उससे हंसी ठट्ठा कीजिए। उसको बातों में उलझाइए। फिर उसके माथे चाय चेप दीजिए। उसे ही चाय लाने भेज दीजिए। जैसे ही वह चाय लाने जाए, आप बस निंदा रस में लग जाइए। दो जने मिलकर तीसरे की या तीसरा दूसरे से मिलकर पहले की जमकर निंदा कीजिए। वक्त का एक-एक कतरा नहीं कटे तो फिर मुझे कह दीजिए! सब जानते हैं कि सरकारी कार्यालयों में काम के बहाने सिर्फ वक्त ही काटा जाता है। सरकार ने वक्त काटने के लिए तमाम दफ्तरों में मक्खियां सप्लाई की हुई है। हर एक अधिकारी एक विशिष्ट प्रकार की मक्खी लेता है। उसे विशेष प्रकार के नियम से विशिष्ट प्रकार के समय में विशेष प्रकार के अंदाज में फटाक से मार देता है। इस मरी हुई मक्खी को कनिष्ठ से लेकर वरिष्ठ बाबू और अधिकारी अपने-अपने ढंग से किंतु अलग-अलग प्रकार से मारते हैं। कई बार वे अलग-अलग गुटों में बैठकर और एक साथ मिलकर भी मरी हुई मक्खी को मारने का अखिल भारतीय कार्यक्रम करते रहते हैं। इस तरह से मरी हुई मक्खी को मारने के कई तरीकों को वे बाकायदा अपनी फाइलों और रजिस्टरों में इंद्राज करते हैं। ऐसा करते हुए वे वक्त को विशेष प्रकार से काटते हैं। जो वक्त थोड़ा बहुत बच जाता है, उस वक्त का वे अचार डाल लेते हैं।

## गृहस्थी हो या गाड़ी, चलेगी आपसी तालमेल से ही

नरविजय यादव

विवाह दो व्यक्तियों के बीच जीवन भर साथ रहने का एक अनुबंध होता है। हर जोड़ा जीवन भर साथ निभा सके ऐसा संभव नहीं होता। कई बार पुरुषों की ओर से कांट्रैक्ट तोड़ा जाता है, तो कई बार कुछ महिलाएं वैवाहिक गाड़ी को पटरी से उतार देती हैं। देश के कानून प्रायः महिलाओं के फेवर में अधिक हैं, इस नाते कई बार पुरुष प्रताड़ित होते रहते हैं और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं होता। मानसिक यातना से जुझने वाले ऐसे करीब 80 हजार पुरुष सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन नामक संस्था के सदस्य हैं। संस्था अपने सदस्यों को कानूनी और सामाजिक सलाह मशविरा उपलब्ध कराती है। ज्यादतियों के मामले में संस्था की ओर से धरना प्रदर्शन जैसे कदम भी उठाए जाते हैं। संस्था के अनुसार, साल 2020 में देश में डेढ़ लाख से अधिक आत्महत्या के मामले पुलिस के नोटिस में आए। आत्महत्या करने वाले इन मामलों में, पुरुषों की संख्या 1.8 लाख रही। सरकार और कानूनविदों का ध्यान आकर्षित करने के लिए सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन की ओर से इसी सप्ताह हैदराबाद में एक सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सदस्यों की ओर से वैवाहिक हड़ताल पर विचार किया जाएगा। संस्था इस बारे में सोशल मीडिया पर अभियान चला रही है। विवाह अगर आपसी तालमेल से चलता है तो मोटर गाड़ियां भी ईंधन के तालमेल से सफर पूरा करती हैं। अभी तक तो मोटर इंजन को चलाने के लिए पेट्रोल और डीजल ही मुख्य ईंधन रहा है। परंतु कार्बन उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण और ईंधन की कमी जैसे कारणों से अब दुनिया भर में ऊर्जा के नए विकल्पों पर काम चल रहा है। बल्कि यह कहें कि दुनिया पहले ही बिजली से चलने वाले वाहनों की ओर रुख कर चुकी है। इनमें दोपहिया और चौपहिया दोनों ही तरह के वाहन शामिल हैं। हमारे देश में राजमार्गों पर इन वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि राह चलते बैटरी बदली जा सके, अथवा वाहनों को चार्ज किया जा सके।

## आईपीएल 2022 में पहली जीत के बाद जडेजा ने कहा- नेतृत्व के सारे गुण हासिल से दूर हूं

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नए कप्तान रवींद्र जडेजा ने आईपीएल 2022 में टीम की पहली जीत के बाद स्वीकार किया कि वह अभी भी सभी नेतृत्व गुणों को हासिल करने से कुछ दूरी पर हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रत्येक खेल के साथ बेहतर होना सीख रहे हैं। जडेजा आईपीएल 2022 में गत चैंपियन की लगातार चार हार के बाद आलोचनाओं का आसाना कर रहे थे। आलोचकों का कहना था कि महेंद्र सिंह धोनी द्वारा चार बार के



आईपीएल चैंपियन पक्ष की कप्तानी छोड़ने के बाद सीएसके ने अपनी जीत के रास्ते खो दिए। लेकिन मंगलवार की रात को सीएसके ने 5वें मैच में अपनी पहली जीत दर्ज की, इन-फॉर्म रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) को एक उच्च स्कोरिंग मैच में 23 रन से हार का सामना करना पड़ा जिसमें रॉबिन उथप्पा और शिवम दूबे ने सीएसके की तरफ से क्रमशः 88 और नाबाद 95 रन की शानदार पारियां खेली।

## ओलंपियन यारिमार मरकाडो मार्टिनेज की मां की गोली लगने से मौत

**वाटरबरी।** पुएर्तो रिको की ओलंपियन यारिमार मरकाडो मार्टिनेज की मां की सप्ताहांत कनेक्टिकट में उनके घर में अज्ञात जगह से चली गोली लगने से मौत हो गई। इस खिलाड़ी और पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले साल टोक्यो ओलंपिक और 2016 में रियो ओलंपिक में पुएर्तो रिको की ओलंपिक टीम का हिस्सा रही राइफल निशानेबाज मार्टिनेज की मां मेबल मार्टिनेज 56 बरस की थी।


शहर की पुलिस ने बताया कि मेबल की रविवार को मौत हो गई। शनिवार दोपहर उन्हें यहां अपने घर के अंदर सिर में गोली लगी थी। अधिकारियों ने बताया कि घर के बाहर जा रहा एक आदमी संभवत- गोली का निशाना था। उस व्यक्ति के पैर में गोली लगी और वह खतरे से बाहर है। इस संबंध में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

मार्टिनेज ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए सोशल मीडिया पर स्पेनिश में लिखा, 'मां, मेरी मां। मुझे अब भी आपसे इतनी सारी चीजें सीखनी थी। आपके साथ जो हुआ आप रत्ती भर भी उसकी हकदार नहीं थी। मां आपके साथ सही नहीं हुआ, आप इतनी जल्दी चली गईं। मैं इतनी दूर थी और कुछ नहीं कर पाई। मैं आपको अलविदा भी नहीं कह पाई। मैं आपसे इतना अधिक प्यार करती हूं और आप मेरे जीवन में इतनी महत्वपूर्ण इंसान थीं।'

उन्होंने कहा, 'दो दिन पहले आपने मुझे फोन किया था, मुझे समय निकालने और पिताजी के साथ पुएर्तो रिको में दोबारा विवाह की तैयारी में मदद करने को कहा था। आखिल आप ही क्यों? इस तरह क्यों? आप अपने छोटे से घर में बैठकर सिलाई कर रही थीं जैसे हमेशा करती हैं।'

## हार की वजह क्या रही ? RCB के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने दिया यह तर्क

**मुंबई।** चेन्नई सुपर किंग्स ने आखिरकार सीजन की पहली जीत हासिल कर ली। बेंगलुरु के खिलाफ खेले गए मुकाबले में चेन्नई ने 23 रनों से जीत हासिल की। मैच के दौरान चेन्नई के टॉप क्रम का खराब प्रदर्शन चर्चा में रहा। मैच के बाद फाफ ने हार के कारणों पर चर्चा की। फाफ ने कहा कि गेंदबाजी करते हम पहले 7-8 ओवर में अच्छे थे लेकिन जैसे ही हम स्पिनर्स को लेकर आए उन्होंने (दुबे-उथप्पा) तेज खेलना शुरू कर दिया। वह वास्तव में अच्छा खेले।दुबे पहले थोड़ा स्लो थे लेकिन स्पिनरों के आते ही तेज हो गए। उन्होंने 8-14 ओवर के बीच लय हासिल की। उनकी साझेदारी ने उनके लिए मैच बना दिया था। वहीं, रनों का पीछा करने बाबत फाफ ने कहा कि जब आप बड़े स्कोर का पीछा कर रहे होते हैं तो आपको



अच्छी शुरुआत करनी होती है। हम टॉप 4 के लिए आज की रात अच्छी नहीं थी। चेन्नई ने अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने अपने स्पिनरों का इस्तेमाल ऐसी पिच पर किया जिसमें कुछ पकड़ थी। हमने विकेटों के साथ गति खो दी, लेकिन हमने अच्छी वापसी की। इससे हमारी बल्लेबाजी में गहराई का पता चलता है।

फाफ ने हर्शल पर भी बात की। उन्होंने कहा कि उनका प्रदर्शन अच्छा था। उनके पास वास्तव में खेल को रोकने की क्षमता है। हम आज रात चूक गए। अंत में भी हमारे पास विविधता की कमी थी। उम्मीद है- हम जल्द वापसी करेंगे। भले ही हम हार गए थे लेकिन हम कुल मिलाकर केवल 20 रन कम थे।

# आईपीएल 2022 में चेन्नई सुपर किंग्स की पहली जीतः हाई स्कोरिंग मैच में RCB को 23 रनों से हराया

**नई दिल्ली।** IPL 2022 के 22वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 23 रन से हरा दिया है। RCB के सामने 217 रन का टारगेट था, जिसके जवाब में टीम 9 विकेट पर 193 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई। RCB की ओर से शाहबाज अहमद ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। वहीं, चेन्नई के लिए महीश थीक्षाणा ने 4 विकेट अपने नाम किए। जडेजा के खाते में भी 3 विकेट आए।

शुरुआती चार मैचों में मिली लगातार हार के बाद CSK की इस सीजन ये पहली जीत रही।



साथ ही रवींद्र जडेजा ने भी बतौर कप्तान पहला मैच जीता। वहीं, बेंगलुरु की 5 मैचों में ये दूसरी हार है। इससे पहले CSK ने 20 ओवरो में 4 विकेट पर 216 रनों का विशाल स्कोर बनाया। शिवम दुबे ने तूफानी पारी खेलते हुए नाबाद 95 रन बनाए, जबकि रॉबिन उथप्पा ने 88 रन की पारी खेली। बेंगलुरु की ओर से वानिन्दु हसरंगा के खाते में 2 विकेट आए। RCB की पारी के दौरान मैच में अपना पहला सिक्स लगाने के साथ ही दिनेश कार्तिक ने टी-20 क्रिकेट में अपने 200 छक्के पूरे किए। फटाफट क्रिकेट में 200 छक्के लगाने वाले कार्तिक दुनिया के 69वें और भारत के 12वें खिलाड़ी बने। मैच में उन्होंने 3 छक्कों और 2 चौकों की मदद से केवल 14 गेंदों पर 34 रन की धमाकेदार पारी खेली। उनका विकेट ब्रावो ने लिया।

### जडेजा ने लिए 3 विकेट

पहले 4 मैचों में बतौर कप्तान और खिलाड़ी फ्लॉप रहे रवींद्र जडेजा इस मैच में शानदार लय में नजर आए। उन्होंने 4 ओवर में 3 विकेट अपनी झोली में डाले। सर जडेजा ने ग्लेन मैक्सवेल (26), वानिंदु हसरंगा (7) और आकाश दीप (0) को आउट किया।

## शिवम दुबे ने मारा युवराज सिंह स्टाइल सिक्स

**मुंबई ।** मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में ऑलराउंडर शिवम दुबे का तूफान देखने को मिला। बेंगलुरु के खिलाफ बल्लेबाजी के लिए शिवम दुबे ने उथप्पा के साथ मिलकर 165 रन की साझेदारी की और अंत तक नाबाद रहे। दुबे ने 46 गेंदों पर 95 रन की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी के दौरान एक छक्का लगाया जिससे फैंस को भारत के पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह की याद



दिला दी। सोशल मीडिया पर फैंस शिवम दुबे की तुलना युवराज की बल्लेबाजी से करने लगे।गौर हो कि बेंगलुरु के खिलाफ शिवम दुबे ने अपने आईपीएल करियर की सबसे बड़ी पारी खेली। दुबे ने 46 गेंदों का सामना करते हुए 95 रन की पारी खेली। इस दौरान दुबे ने 5 चौके और 8 छक्के लगाए। उनकी इस पारी के बदौलत ही चेन्नई सुपर किंग्स ने बेंगलुरु के सामने 215 रन बना दिए।

## जॉन इस्नर और ओपेल्का के बीच होगा होगा ह्यूस्टन फाइनल

**मह्यूस्टन।** अमेरिका के जॉन इस्नर और रेली ओपेल्का क्ले कोर्ट चैम्पियनशिप ह्यूस्टन ओपन के पुरूष फाइनल में एक दूसरे के सामने होंगे। चौथे वरीय इस्नर ने 2013 में ह्यूस्टन खिताब जीता था। उन्होंने मौजूदा चैम्पियन क्रिस्टियन गारिन को सेमीफाइनल में 17 ऐस जमाकर 4-6 6-3 6-4 से शिकस्त दी। वहीं तीसरे वरीय ओपेल्का ने निक किर्गियोस को



6-3 7-5 से हराने के दौरान 21 ऐस लगाए। चौबीस वर्षीय ओपेल्का और 36 वर्षीय इस्नर के बीच यह करियर की छठी भिड़ंत होगी। ओपेल्का का इन भिड़ंत में जीत का रिकॉर्ड 4-1 का है।

## ऑस्ट्रेलिर्या क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने एंड्र्यू मैकडोनल्ड

**मेलबर्न ।** एंड्र्यू मैकडोनल्ड को ऑस्ट्रेलियाई पुरूष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। उनका अनुबंध चार साल का है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को कहा कि अंतरिम कोच रहने के बाद मैकडोनल्ड का स्थायी अनुबंध किया गया क्योंकि जस्टिन लैंगर फरवरी में संक्षिप्त अनुबंध बढ़ाने के लिए सहमत नहीं हुए थे। मैकडोनल्ड को पाकिस्तान में आस्ट्रेलिया के 1-0 से टेस्ट श्रृंखला जीतने के बाद इस पद के लिए पूर्णकालिक रूप से जुड़ने के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा था।

उन्होंने कहा, 'अभी तक की यात्रा काफी शानदार रही है और मैं यह शानदार मौका दिये जाने से सम्मानित महसूस कर रहा हूं जिससे आगे की राह रोमांचक होगी।'

मैकडोनल्ड 2019 में ऑस्ट्रेलिया की कोचिंग टीम से जुड़े थे जिससे पहले उन्होंने विक्टोरिया स्टेट और मेलबर्न रेनेगेड्स को 2018-19 सत्र के दौरान सभी तीनों घरेलू प्रतियोगिताओं के खिताब दिलाए थे। पूर्व टेस्ट आल राउंडर मैकडोनल्ड इंडियन प्रीमियर लीग और इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में



मुख्य कोचिंग भूमिकायें निभा चुके हैं। वह ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ने के बाद लैंगर के सीनियर सहायक कोच रहे थे। मैकडोनल्ड पिछले हफ्ते पाकिस्तान के तीन टेस्ट दौरे से लौटे जिसमें टीम वनडे सीरीज में हार गयी थी जबकि एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय में जीती थी।

## रेकेवेक इंटरनेशनल शतरंज - हारा मैच जीतकर तानिया बनी सुर्खियां

**रेकेवेक।** 35वें रेकेवेक इंटरनेशनल ग्रांड मास्टर शतरंज टूर्नामेंट में भारत की शतरंज क्वीन कहे जाने वाली महिला ग्रांड मास्टर तानिया सचदेव का एक प्रदर्शन दुनिया भर में चर्चा का केंद्र बना हुआ है ,दरअसल टूर्नामेंट के सातवे राउंड में तानिया के सामने मेजबान आइसलैंड के ग्रांड मास्टर स्टेनग्रीमसन हेडीन थे और तानिया काले मोहरो से मुक़ाबला खेल रही थी ।

निमजो इंडियन ओपनिंग में चालों के बाद सिर्फ प्यादे और एक वजीर खेल में रह गया था और स्थिति संतुलित थी पर 60 चालों के आते आते तानिया खेल से नियंत्रण खो बैठी और लगा की मैच कभी भी खत्म हो जाएगा पर हमेशा अपनी संघर्ष क्षमता के लिए पहचाने जाने वाली तानिया नें उम्मीद नहीं




छोड़ी और अंतिम क्षणो में हेडीन की कुछ गलतियाँ और तानिया की केंद के फाड़े के साथ शानदार जबाबों नें 94 चालों में अप्रत्याशित रूप से उन्हे जीत दिला दी । इस जीत से तानिया सीधे सयुंक्त दूसरे स्थान पर पहुँच गयी है ।

## उथप्पा और दुबे ने बेंगलुरु के खिलाफ की छक्कों की बारिश, बना दिए ये बड़े रिकॉर्ड्स

**मुंबई ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में दर्शकों को चेन्नई के दो शानदार बल्लेबाजों द्वारा लाजवाब शॉट्स देखने को मिले। इस मैच में रॉबिन उथप्पा और शिवम दुबे ने बेंगलुरु के गेंदबाजों को इतना पीटा कि रिकॉर्ड छक्के लगाए दिए। चेन्नई की टीम ने इस मैच में बेंगलुरु के खिलाफ 17 छक्के जड़ दिए जोकि सबसे ज्यादा है। इतना ही नहीं इस मैच में उथप्पा और दुबे की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी निभाई। यह चेन्नई सुपर किंग्स के लिए तीसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। वहीं यह चेन्नई के लिए किसी भी विकेट लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। वहीं उथप्पा और दुबे की जोड़ी आईपीएल में तीसरी ऐसी जोड़ी बन गई जिसमें दोनों ही बल्लेबाजों ने 80 से अधिक स्कोर किया हो। इस मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने 215 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। चेन्नई ने 21वीं बार आईपीएल में 200 रन का स्कोर बनाया है। वह इस मामले में भी संयुक्त रूप से पहले स्थान पर आ गया है। चेन्नई की टीम बेंगलुरु के साथ 21 बार 200 रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर चुकी हैं।

# 2021 महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में कांस्य पदक से चूका भारत, इंग्लैंड ने 3-0 से हराया

**भुवनेश्वर।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम 9 साल पुराना इतिहास दोहराने से चूक गई। उसे यहां भुवनेश्वर के प्रतिष्ठित कलिंग स्टेडियम में 2021 एफआईएच महिला जूनियर हॉकी विश्व कप के रोमांचक कांस्य पदक मैच में इंग्लैंड से पेनल्टी शूटआउट में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। मैच बेहद रोमांचक रहा। दोनों ही टीमों ने शुरुआत से ही आक्रामकता दिखाई और डिफेंस को मजबूत रखा और एक-दूसरे को गोल करने का कोई मौका नहीं दिया, जिसके चलते पहला क्वार्टर गोल रहित रहा।

इंग्लैंड ने फिर दूसरे क्वार्टर की शुरुआत शानदार फील्ड गोल से की, जब 18वें मिनट में इंग्लैंड की कप्तान मिली गिग्लियो ने बेहतरीन फील्ड गोल दाग कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। यह बढ़त



हालांकि ज्यादा देर तक बरकरार नहीं रही, क्योंकि फॉरवर्ड मुमताज खान ने जवाबी फील्ड गोल से भारत की 1-1 से बराबरी कराई। दूसरे क्वार्टर में इसके बाद कोई गोल नहीं हुआ और क्वार्टर इसी स्कोर पर समाप्त हुआ। तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने मैच को और चुनौतीपूर्ण बना दिया। दोनों टीमों ने काफी मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में कामयाब नहीं रही। भारत की ओर से काफी अच्छा डिफेंस देखने को मिला।

कड़ी स्पर्धा के कारण तीसरा क्वार्टर गोल के बिना समाप्त हुआ। चौथे और आखिरी क्वार्टर ने मैच को अपने पक्ष में करने के लिए जी जान लगा दी, लेकिन सफलता पहले भारत को मिली। इनफॉर्म मुमताज ने 47वें मिनट में मैच का दूसरा गोल करते हुए टीम को 2-1 से महत्वपूर्ण बढ़त दिला दी। यहां से इंग्लैंड पर काफी दबाव आ गया और उसने स्कोर की बराबरी करने में अपनी पूरी ताकत लगा दी। एक समय पर मैच भारत के पक्ष में जाता लग रहा था, लेकिन क्लाउडिया स्वैन ने 58वें मिनट में फील्ड गोल दाग कर इंग्लैंड की वापसी कराई। परिणामस्वरूप मैच 2-2 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

मैच का विजेता घोषित करने के लिए बाद में पेनल्टी शूटआउट कराया गया, जिसमें इंग्लैंड ने स्ट्राइक और डिफेंस में भारत से बेहतर प्रदर्शन किया। इंग्लैंड ने अपने पहले तीनों प्रयासों में गोल किया, जबकि भारतीय टीम तीनों प्रयासों में गोल करने में विफल रही और 0-3 से हार गई और कांस्य पदक से चूक गई। उल्लेखनीय है कि 2013 महिला जूनियर हॉकी विश्व कप में सुशीला चानू की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने कांस्य पदक मैच में इंग्लैंड को पेनल्टी शूटआउट में 3-2 से हराया था, लेकिन आज सलीमा टेटे के नेतृत्व वाली भारतीय टीम इतिहास दोहराने से चूक गई।

## एलेक्सांद्र बुबलिक ने चोट के बाद वापसी कर रहे वावरिंका को हराया

**मोनाको।** एलेक्सांद्र बुबलिक ने चोट के बाद वापसी कर रहे स्टेन वावरिंका को मोंटे कार्लो टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में 3 सेट में हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। कजाखस्तान के बुबलिक ने 13 महीने में पहला एकल मुकाबला खेल रहे स्विट्जरलैंड के वावरिंका को 3-6, 7-5, 6-2 से शिकस्त दी। 37 साल के वावरिंका एटीपी टूर पर पिछला टूर्नामेंट मार्च 2021 में खेले थे और तब भी उन्हें कतर ओपन के पहले दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इसके बाद वावरिंका के बाएं पैर की 2 बार सर्जरी हुई और उन्हें इससे उबरने में महीनों लग गए। क्रोएशिया के मारिन



सिलिच ने एक अन्य मुकाबले में फ्रांस के जो विल्फ्रेड सोंगा को सीधे सेट में 6-2, 6-2 से हराया।

# एएफसी चैंपियंस लीग मैच जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनी मुंबई सिटी एफसी


**रियाध।** एक बार की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) विजेता मुंबई सिटी एफसी एएफसी टीम एएफसी चैंपियंस लीग मैच जीतने वाली पहली भारतीय टीम बन गई है। मुंबई सिटी एफसी ने रात को यहां रियाध के किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम में अपने दूसरे रोमांचक ग्रुप चरण मैच में इराक के एयर फोर्स क्लब को 2-1 से हरा कर यह कीर्तिमान हासिल किया। आईएसएल 2022 में पांचवें स्थान पर रहे मुंबई सिटी एफसी और 2021-22 इराकी प्रीमियर लीग की तीसरे नंबर की टीम एयर फोर्स क्लब के बीच बेहद चुनौतीपूर्ण मुकाबला रहा।मैच में दोनों टीमों ने किस हद तक एक-दूसरे को टक्कर दी, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मैच का पहला गोल 59वें मिनट में हुआ। दोनों टीमों के आक्रमक अटैक और मजबूत



डिफेंस के चलते पहला हाफ गोल रहित रहा। दूसरे हाफ के शुरुआती कुछ मिनट भी ऐसे ही बिना गोल के बीते, लेकिन फिर 59वें मिनट में गोल का सूखा खत्म हुआ, जब एयर फोर्स क्लब के अनुभवी फॉरवर्ड हम्मादी अहमद ने शानदार गोल दाग कर टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। मुंबई एफसी ने हालांकि बाद में वापसी की। फॉरवर्ड डिएगो मौरिसियो के 70वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक से आए गोल और डिफेंडर राहुल भेके के 75वें मिनट में शानदार हैडर ने मैच का रुख पलट दिया। इन दो गोलों से मिली 2-1 की बढ़त को टीम ने अंत तक बरकरार रखा और महत्वपूर्ण तीन अंक हासिल किए। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ मुंबई सिटी एफसी टीम ग्रुप बी में अल शबाब के बाद दूसरे स्थान पर आ गई है। मुंबई सिटी एफसी अब 14 अप्रैल को यहां अल जजीरा से भिड़ेगा।

## रूस को जेलेंस्की की दो टूक : रूसी सेना कई शहरों को तबाह कर चुकी है, अब हम यूक्रेन का कोई हिस्सा नहीं देंगे

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बड़ा बयान दिया। जेलेंस्की ने कहा कि रूसी सेना पहले ही पूरे यूक्रेन को तबाह कर चुकी है। अब हम उन्हें हमारे किसी भी हिस्से पर कब्जा नहीं करने देंगे। जेलेंस्की ने यह भी कहा की हम पहले ही कई सैनिकों और नागरिकों की जिंदगी गंवा चुके हैं, अब हम और जनता को नहीं खोना चाहते।जेलेंस्की ने कहा कि मैं ये जानता हूं कि शांति समझौते में हम पर यूक्रेन को रूस को देने का दबाव बनाया जाएगा, लेकिन मैं किसी भी कीमत पर अपने देश का कोई भी हिस्सा देने के लिए तैयार नहीं हूं।



पुतिन हमारे देश के दक्षिणी हिस्से को लेना चाहते हैं और क्रीमिया को रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता देना चाहते हैं। मैं इसे नहीं मंजूर नहीं करूंगा। हम अपने क्षेत्र को नहीं छोड़ेंगे, क्योंकि अगर हमें ऐसा ही कुछ करना होता तो हम पहले ही ये सब कर लेते और यह युद्ध ही नहीं होता।

**यूक्रेन का रूस के 19,600 सैनिकों की मौत का दावा**

यूक्रेन ने दावा किया है कि युद्ध में अब तक रूस के 19,600 सैनिकों की मौत हो गई है। वहीं, उसने रूस के 732 टैंकों और 157 विमानों को भी तबाह कर दिया है। द कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक, रूस लगातार खार्किव पर हमले कर रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस जंग में अब तक 183 यूक्रेनी बच्चों की मौत हो गई है और 342 बच्चे घायल हो गए हैं।

## ताइवान की सर्वाइवल गाइडः चीनी हमले की सूरत में लोगों को बचाव के टिप्स; आए दिन ताइवान में घुस रहे ड्रैगन के फाइटर जेट्स

**बीजिंग।** रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद अब ऐसा माना जा रहा है कि चीन भी ताइवान में पुतिन की राह पर बढ़ सकता है। इसी बीच ताइवान की सेना ने एक हैंडबुक पब्लिश की है। इसमें नागरिकों को संभावित चीन के हमले के लिए तैयार रहने की सलाह दी गई है। चीन के फाइटर जेट्स लगातार ताइवान में घुसपैठ कर रहे हैं। इसलिए ताइवान की एयरफोर्स और एयर डिफेंस सिस्टम अलर्ट पर है।

**गाइड में हैं 28 पेज**

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता सन ली-फेंग ने कहा- 28 पन्नों की इस गाइड में ऐसी जानकारी है जो सैन्य संकट या आपदा के दौरान लोगों के काम आएगी। पहली बार ताइवान की सेना ने ऐसी हैंडबुक पब्लिश की है। स्वीडन और जापान में पहले से ऐसी गाइड मौजूद हैं। इसमें बताया गया है कि हमले के दौरान मोबाइल ऐप के जरिए कैसे सुरक्षित जगह ढूंढना है।

डिफेंस मिनिस्ट्री की ऑल-आउट डिफेंस मोबिलाइजेशन एजेंसी के अधिकारी लियू ताई-यी ने कहा- यह गाइड जनता के लिए है जिससे कि वे युद्ध या आपदा से पहले खुद को बेहतर तरीके से तैयार कर सकें। इसमें बेसिक सर्वाइवल स्किल्स हैं। लोगों को हवाई हमले, आग लगने, इमारत ढहने, बिजली की कटौती और प्राकृतिक आपदाओं से कैसे बचना है, इस बारे में पूरी जानकारी दी गई है।

## अमेरिकी रिपोर्ट में खुलासा- भारत में मीडिया संस्थानों को 'डराते' हैं सरकारी अधिकारी

**वाशिंगटनः** मानवाधिकारों को लेकर जारी अमेरिका की एक रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि भारत में स्थानीय और राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर सरकारी अधिकारी महत्वपूर्ण मीडिया संस्थानों को 'डराने' में शामिल रहे हैं। अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी और कांग्रेस की मंजूरी प्राप्त 'कंट्री रिपोर्ट ऑन ह्यूमन राइट्स प्रैक्टिसेज 2021' में भारत से संबंधित भाग में कहा गया है,'स्वतंत्र मीडिया सक्रिय है और आम तौर पर विभिन्न प्रकार के विचार व्यक्त करता है।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'पत्रकारों और एनजीओ से ऐसी खबरें मिली हैं कि स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर सरकारी अधिकारी विभिन्न तरीकों से प्रमुख मीडिया संस्थानों को भयभीत करते रहे हैं। इनमें मालिकों पर दबाव बनाना, प्रायोजकों को निशाना बनाना, मनगढ़ंत मुकदमे दर्ज करना और कुछ मामलों में मोबाइल टेलीफोन व इंटरनेट जैसी संचार सेवाएं बंद करना आदि शामिल है।' रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गैर सरकारी संगठनों ने आरोप लगाया है कि सरकार की आलोचना करने वाले पत्रकारों को डराने-धमकाने के लिए आपराधिक मुकदमे और जांच का इस्तेमाल किया गया।




# पूर्वी यूक्रेन में रूसी सैनिक तैनात, सैटेलाइट तस्वीरों में दिखा काफिला; रूस का दावा- 1,026 यूक्रेनी नौसैनिकों ने किया सरेंडर

**कीव।** यूक्रेन जंग को लगभग 50 दिन होने को आए हैं, लेकिन अभी तक रूसी सेना राजधानी कीव पर कब्जा करने में नाकाम रही है। इसी बीच पूर्वी यूक्रेन पर जोरदार हमले के लिए रूस बड़े स्तर पर तैयारी कर रहा है। सैन्य गतिविधियों की नई सैटेलाइट तस्वीर सामने आई हैं। इस तस्वीर में बेल्गोरोद में रूसी काफिले की तैनाती देखी जा सकती है। इधर, रूस ने दावा किया है कि 162 अधिकारियों सहित यूक्रेन की 36वीं मरीन ब्रिगेड के 1,026 नौसैनिकों ने मारियुपोल में आत्मसमर्पण कर दिया है।

**पुतिन का करीबी गिरफ्तार**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन के करीबी विक्टर मेदवेदचुक को यूक्रेनी खुफिया एजेंसियों ने गिरफ्तार कर लिया है। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने भी गिरफ्तार मेदवेदचुक की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रूस के हमले शुरू होने से पहले



यूक्रेन में विपक्षी नेता मेदवेदचुक को देशद्रोह के केस में नजरबंद रखा गया था, लेकिन **वह युद्ध शुरू होने के तुरंत बाद गायब हो गए थे।**

**वहीं, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने रूस के सामने एक प्रस्ताव रखा है। उन्होंने रूस से कहा है कि, अगर आप मेदवेदचुक को सुरक्षित चाहते हैं तो कैदी बनाए गए यूक्रेन के नागरिकों को आजाद कर दें।**

**यूक्रेन के साथ अब पीस डायलॉग मुमकिन नहीं**

राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन का कहना है कि यूक्रेन के साथ अब पीस डायलॉग नहीं हो सकता है। पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ हमला जारी रखने की कमस खाई है, क्योंकि कीव ने मॉस्को पर वार्ता तोड़ने का आरोप लगाया था।

**रूस-फिनलैंड में टकराव का खतरा**

यूक्रेन जंग के बीच अब फिनलैंड रूस में टकराव का खतरा बढ़ गया है। डेली मेल के मुताबिक, फिनलैंड ने हाल ही में नाटो के लिए दिलचस्पी दिखाई थी। इससे भड़के पुतिन ने हथियारों से लैस रूसी सेना की फिनलैंड बॉर्डर की तरफ भेज दिया।

## इमरान की विदाई से चीन खुश ! नए पीएम शहबाज को दी बधाई, कहा- 'मिलकर करेंगे बेहतर काम'

**बीजिंग।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की सत्ता से विदाई पर चीन बेहद खुश है। चीन ने पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बधाई दी और कहा कि एक-दूसरे का 'दृढ़ता स' समर्थन करके संबंधों को मजबूत करने के अलावा, 60 अरब अमेरिकी डालर के चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के 'उच्च गुणवत्ता' युक्त निर्माण के लिए बेहतर काम करेंगे ।

पाकिस्तान की संसद ने सोमवार को देश के 23वें प्रधानमंत्री के तौर पर शरीफ को निर्विरोध निर्वाचित किया। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने मीडिया ब्रीफिंग में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'हम शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देते हैं।' उन्होंने कहा, 'चीन और पाकिस्तान ठोस और अटूट संबंधों के साथ हर मौसम में




रणनीतिक और व्यापक सहयोग के साझेदार हैं।' उन्होंने कहा, 'चीन पाकिस्तानी पक्ष के साथ मिलकर काम करने, हमारी पारंपरिक दोस्ती को आगे बढ़ाने, विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के आधार पर एक-दूसरे का समर्थन करने और नए युग में साझा भविष्य के चीन-पाक समुदाय को और भी करीब लाने के लिए एक उच्च गुणवत्ता वाले सीपीईसी के निर्माण के लिए तत्पर है।÷ चीन के आधिकारिक मीडिया ने कहा था कि दोनों देशों के बीच संबंध शरीफ के कार्यकाल में पूर्ववर्ती इमरान खान की सरकार से भी बेहतर होंगे। अपने विजयी भाषण में शरीफ ने चीन-पाकिस्तान संबंधों का जमकर उल्लेख किया था। उन्होंने चीन के साथ विशेष संबंधों के बारे में बात की और कम्युनिस्ट देश (चीन) को 'सबसे वफादार दोस्त और अच्छे-बुरे दौर का साझेदार' कहा। सीपीईसी परियोजनाओं पर काम तेज करने की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा, 'चाहे कुछ भी हो जाए, कोई भी दोनों देशों को उनकी दोस्ती से वंचित नहीं कर सकता। यह दोस्ती कयामत के दिन तक चलेगी।' चीन को खान को लेकर आपत्ति थी क्योंकि वह विपक्ष में रहने के दौरान सीपीईसी के आलोचक थे और बाद में प्रधानमंत्री बनने पर उसके बड़े प्रशंसक बन गए।

## फिलीपीन में भूस्खलन व बाढ़ ने मचाई तबाही, 43 लोगों की मौत व 28 अन्य लापता

**मनीलाः** मध्य और दक्षिण फिलीपीन में आयी बाढ़ व भूस्खलन की वजह से मची तबाही के कारण मरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर कम से कम 43 हो गयी है और 28 अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने



यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मध्य लेयते प्रांत के बेबे शहर में सप्ताहांत और सोमवार को तड़के हुए भूस्खलन में 100 से अधिक ग्रामीण घायल हो गए हैं।

सेना, पुलिस और अन्य बचावकर्मी मलबा हटाने के काम में जुटे हुए हैं ताकि लापता लोगों की तलाश की जा सके। तलाश एवं बचाव अभियान की निगरानी कर रहे सेना के ब्रिगेड कमांडर कर्नल नील वेस्तुइर ने कहा, ''हम इस त्रासदी से दुखी हैं जिससे जान और माल को काफी नुकसान पहुंचा है।' स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि बेबे के छह गांवों में हुए भूस्खलन में 36 लोगों के शव बरामद किए गए हैं।

मध्य समर और नेगरोस ओरिएंटल तथा दक्षिण दावाओ दि ओरो और दावाओ ओरिएंटल प्रांतों में सात अन्य लोग बाढ़ के पानी में डूब गए हैं। गौरतलब है कि हर साल जून के आसपास कम से कम 20 तूफान फिलीपीन में आते हैं। आपदा के लिहाज से संवेदनशील इस दक्षिणपूर्व एशियाई देश में ज्वालामुखी फटने और भूकंप आने की घटनाएं भी होती रहती हैं।

## फायरिंग के बाद रिचमंड हिल में दो सिखों पर हमला, पहले डंडे से मारा और फिर पगड़ी उतारी, हाई अलर्ट जारी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के क्वींस इलाके में सिख समुदाय के दो लोगों पर हमला कर उनके साथ लूटपाट की गई। मंगलवार की सुबह यहां दो सिख मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे, तभी वहां पहुंचे दो संदिग्ध युवकों ने सिखों पर हमला बोल दिया। यह क्वींस में दस दिन से भी कम समय में सिख समुदाय के लोगों पर हमले की दूसरी घटना है। अप्रैल की शुरुआत में यहां एक बुजुर्ग सिख पर हमला हुआ था। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने ट्वीट किया, ''न्यूयॉर्क के रिचमंड हिल्स में सिख समुदाय के दो लोगों पर हमला निंदनीय है। हमने इस मामले में स्थानीय अधिकारियों और न्यूयॉर्क शहर पुलिस विभाग से संपर्क किया है।' महावाणिज्य दूतावास ने कहा कि उसे पता चला है कि घटना के संबंध में शिकायत दर्ज की गई है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसने कहा कि वह समुदाय के लोगों के संपर्क में है और



''पीड़ितों को सभी प्रकार की सहायता देने के लिए तैयार है।' समुदाय आधारित नागरिक और मानवाधिकार संगठन 'द सिख कोएलिशन' ने कहा कि क्वींस के रिचमंड हिल में दो सिखों पर हमला कर उनके साथ लूटपाट की गई। यह हमला उस स्थान के पास हुआ, जहां तीन अप्रैल को निर्मल सिंह पर हमला किया गया था। इस हमले पर टिप्पणी करते हुए क्वींस बरो के अध्यक्ष डोनोवन रिचर्ड्स ने कहा कि यह रिचमंड हिल इलाके का ''एक और मुश्किल दिन है। हमें सिंह पर हमले के बाद दो अन्य सिखों पर हमले की जानकारी मिली है।' उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय पुलिस अधिकारियों के संपर्क में है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मामले में न्याय हो, क्योंकि क्वींस का सिख समुदाय कुछ भी कम पाने का हकदार नहीं है। 'सिख कोएलिशन' ने कहा कि निजता का सम्मान करते हुए वह उन दो सिख व्यक्तियों के नाम या उनकी तस्वीर साझा नहीं कर रहा है। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

इस बीच, सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें स्थानीय लोग और पुलिसकर्मी दो व्यक्तियों को घेरे हुए नजर आ रहे हैं। इसमें एक घायल सड़क के किनारे बैठा दिखाई दे रहा है, जबकि दूसरा उसके बगल में खड़ा है और उसने आंख के पास लगी चोट को कपड़े से ढका हुआ है। वीडियो में सिख समुदाय के दो लोग सिर पर बिना पगड़ी के नजर आ रहे हैं। 'सिख कोएलिशन% ने कहा कि वह न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के हेट क्राइम टास्क फोर्स के सीधे संपर्क में है, जिसने बताया है कि एक संदिग्ध हमलावर हिरासत में है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।

## संकटग्रस्त श्रीलंका में दवाओं की भारी कमी कारण अस्पताल बेहाल, डॉक्टरों ने मांगी तत्काल मदद

**कोलंबो।** श्रीलंका के सरकारी डॉक्टरों के संगठन ने एक आपात अपील करते हुए अस्पतालो में दवाओं की आपूर्ति का आग्रह किया। डॉक्टरों की ट्रेड यूनियन 'सरकारी मेडिकल अधिकारी संघ' (जीएमओए) ने एक पोर्टल शुरू किया है जिसके जरिये दवाओं और खाद्य पदार्थों के दान का अनुरोध किया जा रहा है। अभूतपूर्व आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका में दवाओं की किल्लत से फौरी राहत पाने के लिए यह अपील की जा रही है। जीएमओए की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, खराब वित्तीय और आर्थिक प्रबंधन के चलते श्रीलंका का स्वास्थ्य क्षेत्र गंभीर संकट में है और लोगों की जान बचाने के लिए दवाओं तथा उपकरणों की कमी हो गई है। ऐसे संकट भरे दौर में हमें आपके दान की जरूरत है ताकि मरीजों को दी जाने वाली सेवाएं जारी रह सकें। जीएमओए की ओर से जहां दवाओं की कमी के चलते दान का अनुरोध किया जा रहा है वहीं, देश की सरकार के सूचना विभाग ने औषधि की किल्लत के दावों का खंडन किया है। एक बयान में कहा गया कि आवश्यक दवाओं और अन्य खाद्य पदार्थों की कमी की खबरें गलत हैं।




# कोरोना संकट में मदद करने वाले देशों में सबसे आगे रहा अमेरिकाः एस जयशंकर

**वाशिंगटन।** अमेरिका और भारत के बीच बेहतर संवाद व संबंधों की प्रगाढ़ता बढ़ाने के लिए चलाए जा रहे टू प्लस टू संवाद के तहत मंगलवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका के वाणिज्य सचिव और अन्य अधिकारियों से मिलें। भारत के विदेश मंत्री ने अमेरिका में रहने वाले भारतीय कामकाजी, छात्रों, शोधकताओं को भी संबोधित किया।
मंगलवार को भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूए- इंडिया हायर एजुकेशन डिस्कशन के तहत वाशिंगटन डीसी के हावर्ड यूनिवर्सिटी में यूएस में भारतीय कामकाजी, छात्रों, विद्वानों और शोधकताओं को संबोधित किया। इस मौके पर जयशंकर ने कहा कि अमेरिका और भारत के नीति-निमार्ता हमारे शैक्षिक सहयोग से आने वाले परिवर्तन से भली-भांति परिचित हैं। हमारी 2020 की राष्ट्रीय शैक्षिक नीति शिक्षा भी अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा



कि हॉवर्ड यूनिवर्सिटी केवल हमारे साझा अतीत का हिस्सा नहीं है बल्कि यह भविष्य का भी एक हिस्सा है। मेरा मानना है कि भविष्य में दोनों देशों के बीच संबंधों को लेकर एक बड़ी भूमिका निभाई जाएगी। जयशंकर ने कहा कि पिछले दो दशकों में दोनों देशों के रिश्ते में काफी सकारात्मक परिवर्तन आया है। चाहे वह रणनीतिक और सुरक्षा सहयोग हो या आर्थिक या प्रौद्योगिकी साझेदारी हो। हमारे संबंधों को विकसित करने के लिए यह आवश्यक है कि अमेरिका के युवाओं को भारत और दुनिया की बेहतर समझ हो। उन्होंने कहा कि भारत ने कोविड के डेल्टा वेरिएंट की एक बहुत गंभीर लहर का सामना पिछले वर्ष किया था। इस दौरान देश में ऑक्सीजन, श्वासयंत्र और कुछ दवाओं की भारी मांग थी। ऐसे संकट के समय कई देश मदद के लिए आगे आए लेकिन इनमें सबसे आगे अमेरिका था। इस मौके पर यूएस स्टेट सेक्रेटरी एंटनी ब्लिंकन भी मौजूद रहीं।

## रूसी हमले का 48वां दिनः पुतिन का करीबी गिरफ्तार, जेलेंस्की ने बदले में मांगे यूक्रेनी नागरिक

**कीव।** यूक्रेन पर रूस के हमले के 48वें दिन रूसी सेनाएं पूर्वी यूक्रेन पर जोरदार हमले की तैयारी में जुटी हैं। इस बीच यूक्रेन ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन के करीबी विक्टर मेदवेदचुक को गिरफ्तार किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मेदवेदचुक के बदले यूक्रेन के आम नागरिकों की वापसी का प्रस्ताव किया है।
यूक्रेन के विपक्षी नेता विक्टर मेदवेदचुक को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन का करीबी माना जाता है। मेदवेदचुक को यूक्रेनी सेना ने गिरफ्तार कर उनकी हाथों में हथकड़ी लगी हुई तस्वीर जारी की है। इसके बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने मेदवेदचुक को सौंपने के लिए एक प्रस्ताव रखा है। उसमें उन्होंने मेदवेदचुक के बदले यूक्रेन के आम नागरिकों की रिहाई की मांग की है।
इस बीच यूक्रेन पर रूस के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। रूसी सेना मध्य यूक्रेन के एक रेलवे स्टेशन पर अज्ञात स्थान से हमला किया। संयोग की बात है कि हमले का शिकार कोई नागरिक या रेलकर्मी नहीं हुआ है। संपत्ति को नुकसान होने और रेल संचालन



गड़बड़ाने के कारण 17 यात्री रेलगाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन करना पड़ा। यूक्रेन के गृह मंत्रालय के अनुसार रूसी हमलों में कीव के आसपास के क्षेत्रों के कई गांव पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। इस बीच अब रूस ने पूर्वी यूक्रेन पर जोरदार हमले की तैयारी की है। सेटेलाइट तस्वीरों में पूर्वी यूक्रेन पर कब्जे के लिए रूसी सेना द्वारा अपनी ताकत बढ़ाए जाने की पुष्टि हुई है। साथ ही अब बेल्गोरोद में भी रूसी काफिले को बड़े स्तर पर तैनात किया जा रहा है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम्
योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग
आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

## यूक्रेनी सेना ने जैवलिन मिसाइलों से सैकड़ों रूसी टैंक को किया तबाह

**कीव।** यूक्रेन पर डेढ़ महीने से जारी हमलों में रूसी सेना ने यूक्रेन के कई शहरों को तबाह कर दिया है। यूक्रेनी सेना की खतरनाक मिसाइल ने रूसी सैनिकों के टैंकरों पर जमकर कहर बरपाया है। हमले से कई शहरों में जरूरत की वस्तुओं की कमी हो गई है। इन शहरों के सैकड़ों नागरिकों ने पश्चिमी देशों में शरण ले रखी है।
यूक्रेन सेना की जैवलिन मिसाइल ने सैकड़ों रूसी टैंकों को तबाह किया है। यूक्रेन की सेना का दावा है कि इस जंग में रूस ने 680 से अधिक टैंक गंवा दिए हैं। रूसी टैंकों की यह क्षति एंटी टैंक हथियारों के कारण हुई है। पश्चिमी देशों ने यूक्रेन को एंटी टैंक मिसाइल की आपूर्ति की है। इस युद्ध में सैन्य व इंटेलिजेंस ब्लॉग ओरिक्स का कहना है कि इसमें रूस ने 460 से ज्यादा टैंक और दो हजार से अधिक बख्तरबंद गाड़ियों को गंवाया है।
इस खतरनाक जैवलिन एंटी टैंक मिसाइल को अमेरिकी हथियार कंपनी लाकहीन मार्टिन ने बनाया है। इसकी खास बात यह है कि यह मिसाइल जब छोड़ी जाती है तब वह टैंक के ऊपर उस स्थान पर जाकर विस्फोट करती है, जहां टैंक का रक्षा कवच बेहद कमजोर होता है। जैवलिन मिसाइल दो वारहेड से लैस है। इसका पहला वारहेड टैंक के रक्षा कवच को नष्ट कर देता है, जबकि दूसरा वारहेड टैंक को भीतर जाकर नुकसान करता है। रूस यूक्रेन जंग के प्रारंभ में अमेरिका ने यूक्रेन को दो हजार जैवलिन एंटी टैंक मिसाइल दी थीं। युद्ध के दौरान अमेरिका ने फिर इन मिसाइलों की आपूर्ति की है।
रूसी टैंकों से निपटने के लिए ब्रिटेन ने भी यूक्रेन की मदद के लिए कम से कम 3,600 लाइट एंटी-टैंक मिसाइल भेजी हैं। इस जंग में जैवलिन और ब्रिटेन की एंटी टैंक मिसाइल काफी असरदार साबित हुई हैं। ऐसा माना जाता है कि इन मिसाइलों के चलते ही यूक्रेन अब तक जंग में टिका है। इससे युद्ध के हालात एकदम अलग हो गए। यूक्रेन जंग में रूस को अब तक जीत नहीं मिल सकी है। इसके पीछे एक अन्य कारण भी है। रक्षा विशेषज्ञों का दावा है कि रूस के पास तुलनात्मक दृष्टि से कम सैनिक हैं। यही वजह है कि रूसी सेना बटालियन टैक्टिकल समूह के जरिए हमला कर रही है। यह एक काम्बैट यूनिट है। इसमें टैंक पैदल सेना और तोपखाना शामिल होता है। इस यूनिट में आमतौर पर बड़ी संख्या में बख्तरबंद गाड़ियां होती हैं।